E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 53 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, शनिवार 05 सितंबर, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## छात्रों पर की गई कार्रवाई पर बोले जस्टिस उज्ज्वल भुइयां, पुलिस का एक्शन चिंता का विषय, ऐसे नहीं किया जा सकता दंडित



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां शुक्रवार (4 सितंबर) को नई दिल्ली के 'वायसराय हॉल' (द क्लेरिजेस होटल) में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जंतर-मंतर पर विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर कहा कि यह बहुत ही चिंता का विषय है। बता दें, यह कार्यक्रम पूर्व आईपीएस अधिकारी और सुरक्षा सचिव यशोवर्धन आजाद द्वारा लिखी गई किताब 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' के विमोचन के लिए रखा गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'जब हम भारतीय पुलिस सेवा के युवा अधिकारियों को खुद जाकर प्रदर्शनकारियों और प्रदर्शनकारी छात्रों से मारपीट करते देखते हैं तो हम सभी को बहुत निराशा होती है। यह देखना बहुत ही दुखद है।' उन्होंने आगे कहा, 'पुलिस अधिकारियों से जिस निष्पक्षता और तटस्थता की उम्मीद की जाती है, वह कहीं न कहीं खत्म होती दिख रही है और यह वाकई चिंताजनक स्थिति है।' जस्टिस भुइयां की ये टिप्पणी के बाद देश में विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीकों को लेकर चल रही बहस के बीच आई है। जस्टिस भुइयां प्रदर्शनकारियों को लेकर इसके पहले भी टिप्पणी कर चुके हैं। 25 जुलाई को वह भोपाल में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। इस दौरान छात्रों को लेकर कहा कि अलग-अलग विचारों के लिए सार्वजनिक जगहें सिमटती जा रही हैं। वह 30 अगस्त को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (NLU) के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्रों को केवल अलग राय रखने या सवाल पूछने के लिए दंडात्मक कार्रवाई की धमकी नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति भुइयां ने अपने संबोधन में पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही और पेशेवर निष्पक्षता को महत्वपूर्ण बताया।

उनके अनुसार, लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस की भूमिका केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करना भी उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विरोध और असहमति लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। ऐसे में प्रदर्शनकारियों से निपटते समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन जरूरी है। विशेष रूप से छात्रों के मामलों में पुलिस और प्रशासन से संयम तथा संवेदनशीलता की अपेक्षा की जाती है। न्यायमूर्ति भुइयां की टिप्पणियों ने पुलिस प्रशिक्षण और कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चा को आगे बढ़ाया है। युवा पुलिस अधिकारियों को संविधान, मौलिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध से जुड़े कानूनी प्रावधानों की समझ के साथ परिस्थितियों से निपटने की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पुलिसिंग और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संबंधों पर भी व्यापक चर्चा हुई। 'पॉलिसिंग द रिपब्लिक' के माध्यम से पुलिस व्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों, बदलते सामाजिक परिवेश और नागरिकों के साथ पुलिस के संबंधों जैसे विषयों पर विचार सामने रखे गए। जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के संदर्भ में की गई टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सार्वजनिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और असहमति की अभिव्यक्ति को लेकर लगातार बहस होती रही है। ऐसे मामलों में प्रशासन के सामने एक ओर सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और दूसरी ओर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार की रक्षा करने की चुनौती रहती है।

### कांग्रेस के प्रमुख चुनावी वादे

थिंक राजस्थान

1. कच्ची बस्तियों का नियमन और पुश्तैनी रिहायशी जमीन पर धारा 69-ए के तहत लैंड कन्वर्जन के काम करवाए जाएंगे।
2. 500 और 300 वर्ग गज के पट्टों पर पहले दी गई छूट को फिर से लागू किया जाएगा।
3. यूडी टैक्स की समीक्षा कर उसे तर्कसंगत बनाया जाएगा।
4. सीसी रोड और पानी निकासी की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।
5. घर-घर कचरा संग्रहण मुफ्त किया जाएगा और इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी।
6. जिन क्षेत्रों में सीवरेज लाइन नहीं है, वहां नई लाइन बिछाई जाएगी।
7. शहरों में नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जाएंगे।
8. बिना मास्टर प्लान वाले शहरों में लोगों के सुझाव लेकर मास्टर प्लान तैयार किए जाएंगे।
9. हर कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट और एलईडी लाइट की व्यवस्था की जाएगी।
10. आम लोगों से जुड़े निकायों के आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे और उनकी प्रगति की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।
11. शहरों में जरूरत के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

## 309 शहरी निकायों के लिए स्थानीय स्तर पर अलग-अलग घोषणा पत्र जारी करेगी कांग्रेस



थिंक राजस्थान

जयपुर। आगामी निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने शहरी निकायों में स्थानीय सरकार बनाने के लिए अपने प्रमुख वादों का ऐलान किया है। कांग्रेस ने प्रदेश के 309 शहरी निकायों के लिए स्थानीय जरूरतों के आधार पर अलग-अलग घोषणा पत्र जारी करने का फैसला किया है। प्रदेश स्तर पर पार्टी ने करीब एक दर्जन प्रमुख संकल्प लिए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि शहरी निकायों में कांग्रेस के बोर्ड बनने पर स्थानीय सरकारों के माध्यम से सुशासन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पार्टी ने हर घर से मुफ्त कचरा संग्रहण, यूडी टैक्स की समीक्षा और उसे तर्कसंगत बनाने, सफाईकर्मियों की हर साल जरूरत के अनुसार भर्ती तथा शहरों में बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू करने का वादा किया है। डोटासरा ने कहा कि भाजपा बोर्डों के कार्यकाल में जिन सफाईकर्मियों की भर्ती नहीं हो पाई है, उन भर्तियों को पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही शहरी निकायों में जरूरत के अनुसार हर साल सफाईकर्मियों की भर्ती की जाएगी। इससे सफाई व्यवस्था मजबूत करने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बजट की मंजूरी, टेंडर की स्थिति, काम की प्रगति और उसके पूरा होने की जानकारी वेबसाइट पर अपडेट की जाएगी। आम नागरिकों को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की रियल टाइम जानकारी मिल सकेगी।

## भारत-ईयू एफटीए को सभी 27 सदस्य देशों का समर्थन, जल्द लागू करने पर सहमति



थिंक राजस्थान

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को ईयू के सभी 27 सदस्य देशों का समर्थन हासिल है और सभी देश इसे जल्द से जल्द लागू करने की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। मुंबई में आयोजित भारत-बेल्जियम उच्चस्तरीय संवाद को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ में किसी समझौते पर सभी सदस्य देशों की एकमत सहमति मिलना बेहद दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि भारत में भी इस समझौते को व्यापक समर्थन मिला है। गोयल ने कहा, "मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि इस एफटीए पर बेहद संतुलित तरीके से बातचीत हुई है। दोनों पक्षों के संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। यही वजह है कि भारत-ईयू एफटीए के खिलाफ कहीं से भी असहमति की आवाज नहीं उठी है।" उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे मत्स्य पालन, वस्त्र और फुटवियर उद्योग को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके अलावा रसायन और फार्मास्युटिकल उत्पादों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। इस बीच बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर शुक्रवार को नई दिल्ली से मुंबई पहुंचे। महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल एवं विपणन मंत्री जयकुमार रावल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। मुंबई दौरे के दौरान बेल्जियम के प्रधानमंत्री हीरा कारोबार, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे, जिससे भारत-बेल्जियम आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। बार्ट डी वेवर ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक व्यापार संरक्षणवाद और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है।

## दिल्ली में आंधी-बारिश से हवाई सेवाएं प्रभावित, 400 से अधिक फ्लाइट्स पर पड़ा असर

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आंधी और भारी बारिश के कारण उड़ानों के संचालन में बाधा आई, जिससे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर कम से कम नौ उड़ानें दूसरी जगह भेजनी पड़ीं और 400 से ज्यादा फ्लाइट्स देर से चलीं। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, चार-चार उड़ानें जयपुर और लखनऊ भेजी गईं, जबकि एक उड़ान अहमदाबाद भेजी गई। ये उड़ानें दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे के बीच दूसरी जगह भेजी गईं। लखनऊ एयरपोर्ट ने बताया कि राजधानी में खराब मौसम के कारण दिल्ली आने वाली चार उड़ानें वापस भेज दी गईं। जयपुर एयरपोर्ट ने बताया कि खराब मौसम के कारण दिल्ली आने वाली पांच उड़ानें जयपुर भेज दी गईं। इंडिगो ने कहा कि हम मौसम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की : मथुरा, दिल्ली से लेकर नोएडा तक उत्सव



थिंक राजस्थान

मथुरा। रात 12.00 बजते ही हर तरफ उल्लास और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' का उत्साह देखने को मिला। यह अद्भुत समय था श्रीकृष्ण के जन्म का। देश-विदेश में इस समय विशेष आयोजन किए गए। श्रीकृष्ण की खास नगरी मथुरा हो या दिल्ली-एनसीआर, द्वारका या बेंगलुरु... हर तरफ, हर दिशा, हर कोने में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। अगर उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बात करें तो यहां यह पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। रात 12 बजते ही मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगने लगे। भक्त उनकी आरती में डूब गए। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर शुक्रवार सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते रहे। मंगला आरती के बाद मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। ढोल-ताशे और नगाड़ों की थाप पर भक्त झूमते-नाचते नजर आए। पूरा कृष्ण जन्मभूमि परिसर कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा। सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं, जिसके चलते भक्तों को दर्शन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। मंदिर में आई एक महिला भक्त ने कहा, 'सब कुछ कान्हा जी की कृपा से हो रहा है। यह उनकी लीला और उनकी माया है, वही जानते हैं। पूरी दुनिया उनकी धुन पर नाच रही है, वरना किसी इंसान में इतनी ताकत नहीं है। इंसान क्या कर सकता है? जब से हमने कान्हा की शरण ली है, तब से जीवन में चमत्कार ही चमत्कार हो रहा है।' एक अन्य भक्त मोहन सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'हम यहां लगभग 15 सालों से त्योहार मना रहे हैं। इससे हमें बहुत खुशी मिलती है। हम जब भी आते हैं, यहां खूब नाचते हैं। मैं खुद नहीं नाचता बल्कि कान्हा खुद नचाते हैं।' एक महिला भक्त ने बताया, 'मेरा ससुराल मथुरा है। मैं यहीं रहती हूं, इसलिए रोज भगवान के दर्शन करने आती हूं, लेकिन आज पहली बार है कि जन्माष्टमी पर दर्शन करने आई हूं। बहुत अच्छा लग रहा है।' वहीं, एक अन्य महिला भक्त ने कहा कि वह पिछले 20 साल से मंदिर आ रही हैं। जब नहीं आती हूं तो ऐसा लगता है कि कुछ छूट गया। यहां अब काफी अच्छी व्यवस्था है। आराम से दर्शन हो जाते हैं। जन्माष्टमी पर भी बहुत अच्छी सुविधा है। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यहां की सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर हैं। मंदिरों को आकर्षक रोशनी, फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया। जन्म के समय विशेष पूजा-अर्चना और आरती के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात रहीं।

### सोनिया की किताब से लेकर दिशा सालियान केस तक

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने सोनिया गांधी की आत्मकथा के नए प्रकाशक से लेकर पश्चिम बंगाल, भारत-यूरोप संबंध, एयर इंडिया की फ्लाइट घटना, वंदे मातरम, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान, दिशा सालियान मामले समेत कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विपक्ष पर कई मामलों में राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही, सरकार और जांच एजेंसियों की कार्रवाई का बचाव किया। सोनिया गांधी की आत्मकथा को लेकर आरपी सिंह ने कहा कि अब इसे हार्पर कॉलिंस प्रकाशित कर रहा है। पहले पेंगुइन ने कुछ तथ्यों से जुड़े मुद्दों के कारण किताब प्रकाशित करने से इनकार किया था। किसी किताब के प्रकाशन में लेखक और प्रकाशक दोनों की जिम्मेदारी होती है। सिंह ने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज किया, जिनमें किताब को रोकने का दावा किया गया था।

## 25 यात्रियों से भरी बस पेड़ से जा टकराई, ड्राइवर की मौत, 5 की हालत नाजुक



थिंक राजस्थान

भुवनेश्वर। ओडिशा में शुक्रवार (4 सितंबर) को राजधानी भुवनेश्वर से करीब 85 किलोमीटर दूर एक बस हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस पेड़ से जा टकराई जिससे 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना इटामाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बौंसियापाड़ा के पास हुई। हादसे को लेकर स्थानीय पुलिस ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना किसी दूसरे वाहन से टकराने से नहीं हुई। बल्कि सड़क किनारे जो पेड़ लगे थे बस उनसे टकराई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर की पहचान खुर्दा जिले के पिचुकुली गांव निवासी निरंजन स्वाईं के रूप में हुई है। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत बचाव अभियान शुरू कर दिया। पुलिस जवानों ने बस से सभी घायल यात्रियों को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। डॉक्टरों ने कहा पांच बस यात्रियों की हालत बहुत ही गंभीर है। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस और राहत दल के साथ मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्य चिकित्सा केंद्रों में भेजे जाने की भी संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर किसी अन्य वाहन से टक्कर की बात सामने नहीं आई है। हालांकि, बस पेड़ से किस परिस्थिति में टकराई, इसके लिए घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस ने सड़क पर यातायात को सामान्य कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की। क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाने की कार्रवाई भी की गई, ताकि मार्ग पर आवाजाही बाधित न हो। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद घायलों के परिजनों को भी जानकारी देने की प्रक्रिया शुरू की गई। गंभीर रूप से घायल यात्रियों के इलाज पर चिकित्सकों की विशेष निगरानी रखी जा रही है। बस के तकनीकी पहलुओं की जांच भी दुर्घटना की वास्तविक वजह सामने लाने में अहम हो सकती है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा स्थित



थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को सपत्नीक पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही, उन्होंने मुखारविंद मन्दिर में श्री गिरिराज जी का अभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बहादुर सिंह कोली, नौक्षम चौधरी,अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्तव्य और कर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेश में शांति, सद्भाव और खुशहाली की कामना की। पूंछरी का लौठा पहुंचने पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की विशेष चहल-पहल रही। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों और दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने मुखारविंद मंदिर में गिरिराज जी का अभिषेक किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## संपादकीय

# खाटूश्यामजी में नहीं चलेगी लपकागिरी: VIP दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा, सरगना गिरफ्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

खाटूश्यामजी। बाबा श्याम के दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से रुपए ऐंठकर VIP और प्रोटोकॉल दर्शन कराने वाले लपका गिरोह के खिलाफ खाटूश्यामजी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के सरगना हंसराज उर्फ टिक्कू (26) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मोबाइल में लाखों रुपए के लेनदेन से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के कुछ सदस्य खुद को मंदिर के पुजारी या पुजारी परिवार का सदस्य बताकर श्रद्धालुओं से संपर्क करते थे। कम समय में VIP या प्रोटोकॉल दर्शन कराने का झांसा देकर उनसे रुपए वसूले जाते थे। पुलिस के अनुसार, खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन के नाम पर लपकागिरी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए नव नियुक्त थानाधिकारी ने संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर निगरानी शुरू करवाई। निगरानी के दौरान संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर 3 सितंबर 2026 को भय भैरव पार्किंग गेट के पास से हंसराज उर्फ टिक्कू पुत्र किशनाराम, निवासी लाडपुर, थाना खाटूश्यामजी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में मंदिर कमेटी में तैनात कुछ गार्ड्स की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। पुलिस को ऐसे गार्ड्स के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने की बात कही गई है, जो कथित तौर पर कमेटी के भरोसे का फायदा उठाकर श्रद्धालुओं से रुपए लेकर दर्शन करवाने में शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य लपकों और गार्ड्स की भूमिका की जांच की जा रही है। साक्ष्य मिलने पर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित गार्ड्स को मंदिर से हटाने के लिए मंदिर कमेटी को भी पत्र लिखा जाएगा। पुलिस के अनुसार, VIP दर्शन के नाम पर होने वाली लपकागिरी की शिकायतों के बाद ही बाबा पार्किंग के प्रवेश द्वार को बंद किया गया था। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क की पड़ताल कर रही है कि श्रद्धालुओं से कितने रुपए वसूले गए और इसमें कितने लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और उनके सहयोगियों के खिलाफ भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## रेलवे स्टेशन के पास बाईला रोड पर लगाया ठंडे पानी का प्याऊ



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। रेलवे स्टेशन के पास बाईला रोड की ओर जाने वाली सड़क पर राहगीरों की सुविधा के लिए ठंडे पानी का प्याऊ लगाया गया। प्याऊ की स्थापना स्व. हनुमान मल सोनी (बामला, लाडनूं वाले) की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी चंपादेवी बामला एवं पुत्र शंकरलाल सोनी की ओर से की गई। पुण्यतिथि पर प्याऊ को जनसेवा के लिए समर्पित किया गया। इसके माध्यम से राहगीरों और आमजन को गर्मी के दौरान ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। परिजनों ने बताया कि यह पहल स्व. हनुमान मल सोनी की पुण्य स्मृति को समर्पित है। प्याऊ से राहगीरों को राहत मिलने के साथ जनसेवा का संदेश भी दिया गया। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय लोगों और गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करना सराहनीय जनसेवा है। रेलवे स्टेशन के आसपास से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, ऐसे में प्याऊ से यात्रियों और राहगीरों को विशेष सुविधा मिलेगी। परिजनों ने बताया कि स्व. हनुमान मल सोनी सदैव सामाजिक सरोकारों और जरूरतमंदों की सहायता को महत्व देते थे। उनकी पुण्यतिथि पर प्याऊ स्थापित कर उनकी स्मृति को जनहित से जोड़ने का प्रयास किया गया है। प्याऊ पर आने वाले लोगों के लिए नियमित रूप से स्वच्छ और ठंडे पानी की व्यवस्था रखने का प्रयास किया जाएगा।

## JDA की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा कोचिंग एसोसिएशन, 30 कोचिंग, 15 लाइब्रेरी-हॉस्टल सील

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की ओर से कोचिंग संस्थानों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अनुसार अब तक करीब 30 कोचिंग संस्थानों, 15 लाइब्रेरी और हॉस्टल को सील किया जा चुका है। गोपालपुरा बाईपास क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थानों को JDA की ओर से जारी नोटिस और प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा। एसोसिएशन के अनुसार क्षेत्र से जुड़े सभी महत्वपूर्ण तथ्य, परिस्थितियां और संबंधित दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। उनका दावा है कि संबंधित नियम अभी ड्राफ्ट स्तर पर हैं और उनकी वेबसाइट व कार्यालय तक तैयार नहीं है।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी: जयपुर के गुप्त वृन्दावन में आला 'नन्द का लाला'

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। 'नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' आज पूरी प्रकृति नन्द के लाल का स्वागत करने के लिए आतुर हो गई है, सर्व आकर्षक, मन को मोहने वाले, अधर्म पर धर्म की विजय करने वाले मोर मुकुट धारी 'कृष्ण' का आगमन हो गया है।

जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में नन्द के लाल का जन्मदिवस 'जन्माष्टमी' बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। लाखों लोगों ने अपने प्रिय 'कृष्ण' के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि आज पूरा गुप्त वृन्दावन धाम 'कृष्णमय' हो गया है, मंदिर का हर कोना कृष्ण के प्रेम से आच्छादित हो रहा है।

जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मध्यरात्री मे भगवान् श्री श्री कृष्ण बलराम का महा अभिषेक नारियल पानी,दिव्य जल, जड़ी बूटियां, पंचामृत और पंचगव्यों से किया गया।

## डोटासरा का आरोप, 10 नगर निगमों में से किसी में भी महापौर पद SC-ST के लिए आरक्षित नहीं

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को पीसीसी वॉर रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव में देरी, परिसीमन, आरक्षण, सफाई व्यवस्था, भ्रष्टाचार और नामांकन प्रक्रिया सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। डोटासरा ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश और अवमानना की कार्रवाई के बाद सरकार को निकाय चुनाव कराने पड़े। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ साल तक निकायों में प्रशासक लगाए गए, जिससे आम लोगों के काम प्रभावित हुए। परिसीमन पर सवाल उठाते हुए उन्होंने दावा किया कि कहीं 10 हजार तो कहीं 30 हजार तक की आबादी वाले वार्ड बनाए गए। आरक्षण व्यवस्था पर डोटासरा ने आरोप लगाया कि इस बार नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं की लॉटरी एक साथ निकाली गई। इसके चलते प्रदेश के 10 नगर निगमों में से किसी में भी महापौर का पद SC-ST वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुआ, जबकि एक नगर निगम में महापौर पद ओबीसी के लिए आरक्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि SC-ST वर्ग को आरक्षण केवल नगर पालिकाओं में मिला है।



## अमित शाह से लेकर बीएल संतोष तक को बुला लें, जनता भाजपा को क्लीन बोल्ड करेगी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अलवर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर में जनप्रिय नेता भंवर जितेंद्र सिंह के साथ वार्ड-वार्ड जनसंपर्क के दौरान जिस तरह का उत्साह और समर्थन आमजन के बीच देखने को मिल रहा है, उससे साफ है कि अलवर की फिजा बता रही है कि कांग्रेस आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को भी जमीनी हकीकत का अहसास हो गया है, इसीलिए पहले अलवर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बुलाया गया, भाजपा इंतजार करती रही कि अमित शाह आएँगे उसके बाद चुनाव की घोषणा हो और जब उससे भी कोई असर नहीं हुआ तो अब जयपुर में भाजपा के संगठन मंत्री बीएल संतोष आकर संगठन को गुरु मंत्र दे रहे हैं। लेकिन भाजपा के नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि अमित शाह आएं या बीएल संतोष, चुनाव में फैसला जनता करती है और जनता किसी के बुलाने से नहीं आती, बल्कि अपने अनुभव और अपने मुद्दों के आधार पर वोट करती है।

## कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के खिलाफ निर्वाचन अधिकारी को दी शिकायत

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी के खिलाफ कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल और आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर लोकबंधु को शिकायत दी है। कांग्रेस नेताओं ने देवनानी पर विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा के विपरीत भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने आरोप लगाया कि देवनानी अजमेर में विभिन्न वार्डों में जाकर भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए इस तरह की राजनीतिक गतिविधियां उचित नहीं हैं। कांग्रेस ने पूर्व में भी देवनानी के खिलाफ शिकायत किए जाने का दावा करते हुए निर्वाचन विभाग पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। राठौड़ ने कहा कि शिकायत के साथ सुप्रीम कोर्ट के निर्णय और अन्य राज्यों में संवैधानिक पदों के कथित दुरुपयोग से जुड़े दस्तावेज भी निर्वाचन विभाग को दिए गए हैं। उन्होंने निर्वाचन विभाग पर निष्पक्षता नहीं बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण के खिलाफ भी शिकायत देकर उन्हें चुनाव से पहले हटाने की मांग की। राठौड़ का आरोप है कि थाना प्रभारी भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। शिकायत डीजीपी और आईजी को भी भेजी गई है। इसके अलावा कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी भारती श्रीवास्तव और अन्य भाजपा प्रत्याशियों पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाए। राठौड़ ने दावा किया कि वार्ड 78 में जेसीबी से सफाई करवाने और वार्ड 2 में बिजली के खंभे हटवाने जैसी गतिविधियां की जा रही हैं।



## नीट-पीजी 2026 री-एग्जामिनेशन के लिए जयपुर में पुख्ता व्यवस्थाएं

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (आयुर्विज्ञान), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित नीट-पीजी 2026 री-एग्जामिनेशन का आयोजन 5 सितंबर 2026 (शनिवार) को अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक जयपुर जिले में निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में किया जाएगा जिसमें कुल 2,499 अभ्यर्थी भाग लेंगें। परीक्षा के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा समन्वयक नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 30 अगस्त को नीट-पीजी परीक्षा देशभर में आयोजित हुई। जयपुर के आईओएन डिजिटल जोन, आईडीजेड सीतापुरा स्थित दो परीक्षा केन्द्रों में आंतरिक विद्युत आपूर्ति में समस्या के कारण परीक्षा पूर्ण नहीं हो सकी।

## शिकायत के बावजूद बिजली विभाग नहीं जागा, आवागमन भी प्रभावित; हादसे की आशंका

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। शहर के वार्ड 28 में डागा बिल्डिंग के पास करीब आठ फीट चौड़ी बंद गली में राकेश सोनी के घर के सामने जमीन में धंसा बिजली का खंभा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। खंभा जमीन में धंसने के कारण बिजली के तार भी नीचे आ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तार छोटे बच्चों की पहुंच तक आ सकते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी राकेश सोनी ने बताया कि खंभा धंसने के बाद तारों की ऊंचाई कम हो गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों को शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने समय रहते खंभे और तारों को दुरुस्त करने की मांग की है। वार्ड निवासी रवि सोनी ने बताया कि गली पहले से ही संकरी है और बीच में खंभा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। टेम्पो, रेहड़ी, सफाई वाहन और बाइक निकालने में लोगों को परेशानी होती है। कई बार वाहनों को खंभे से बचाकर निकालना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से मौके का निरीक्षण कर जमीन में धंसे खंभे को सुरक्षित स्थान पर करने और नीचे आए बिजली के तारों को निर्धारित सुरक्षित ऊंचाई पर करवाने की मांग की है।



लोगों का कहना है कि किसी हादसे का इंतजार करने के बजाय विभाग को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान राकेश सोनी, रवि सोनी, जगदीश सोनी, दिनेश सोनी, सुधेश सोनी, सुरेंद्र सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, संकरी गली में बिजली का खंभा धंसने से पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया और छोटे वाहनों को भी निकलने में सावधानी बरतनी पड़ती है। खासकर शाम के समय आवाजाही बढ़ने पर परेशानी और अधिक हो जाती है। लोगों का कहना है कि बारिश या किसी अन्य कारण से खंभे की स्थिति और कमजोर हुई तो खतरा बढ़ सकता है। निवासियों ने बताया कि नीचे आए तारों को लेकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

## मुख्य सचिव से एसीबी महानिदेशक ने की मुलाकात, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से शुक्रवार को शासन सचिवालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चर्चा हुई। साथ ही, एसीबी से संबंधित उन लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिनमें अभियोजन स्वीकृति राज्य सरकार के स्तर पर लंबित है। बैठक में लंबित मामलों में अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने इस बात पर चर्चा की कि जिन प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज और जांच संबंधी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, उनमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने भ्रष्टाचार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई और प्रशासनिक पारदर्शिता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रुख के साथ-साथ सरकारी प्रक्रियाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करना भी जरूरी है। बैठक के दौरान एसीबी की ओर से की जा रही कार्रवाई, लंबित प्रकरणों और अभियोजन स्वीकृति से जुड़े मामलों की स्थिति पर भी जानकारी ली गई। संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के जरिए लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने माना कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में समय पर निर्णय होने से जांच और कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके साथ ही दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का संदेश भी मजबूत होता है। राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एसीबी की भूमिका को प्रभावी बनाने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा जारी रखने की आवश्यकता बताई गई। आने वाले समय में इन मामलों में लिए जाने वाले निर्णयों पर संबंधित पक्षों की नजर रहेगी।

## बरगद के पेड़ के नीचे बैठे तीन लोगों पर गिरी आकाशीय बिजली, किशोर की मौत, दो गंभीर झुलसे

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। रुदावल थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के जंगल में शुक्रवार को बारिश से बचने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे बैठे दो भाइयों और एक वृद्ध महिला पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में 17 वर्षीय किशोर नितेश गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई सुनील गुर्जर और 60 वर्षीय केशर गुर्जर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, डुमरिया गांव निवासी नितेश गुर्जर अपने बड़े भाई सुनील और 60 वर्षीय केशर गुर्जर के साथ खेत में पशु चराने गए थे। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए तीनों जंगल में स्थित बरगद के पेड़ के नीचे बैठ गए। कुछ ही देर बाद अचानक तेज गर्जना के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से नितेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील और केशर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को तत्काल बयाना के अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए भरतपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर रुदावल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद डुमरिया गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की गई। हादसे की सूचना संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। हादसे में घायल सुनील और केशर का भरतपुर में उपचार जारी है। परिजन दोनों की हालत को लेकर चिंतित हैं और अस्पताल में उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में आकाशीय बिजली को लेकर भय का माहौल है। बारिश के दौरान खुले खेतों और जंगलों में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों का कहना है कि मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान की जानकारी होना बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आकाशीय बिजली से बचाव को लेकर गांवों में जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

# जिले में निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां समयबद्धता के साथ पूर्ण करें : राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सीकर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को सीकर में नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर चुनाव की तैयारियों, व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पीठासीन अधिकारियों, प्रथम मतदान अधिकारियों, कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, पुलिस जाप्ता, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति प्रशिक्षण सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी भारत एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए निर्देशों की अक्षरशः पालना करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एंव जिला कलेक्टर आशीष मोदी, उप जिला निवर्चाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल महला ने निकाय चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों से मतदान दलों के रवानगी स्थल, संग्रहण व्यवस्था, मतगणना व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं स्वीप नोडल अधिकारी से जिले में स्वीप गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसके लिए रैली, रंगोली विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल महला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.तेजपाल सिंह, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल सहित चुनाव से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यदि अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता हो तो इसके लिए पूर्व में ही प्रबंध करना सुनिश्चित करें।





## तीन बार के प्रत्याशी विवेक कटारा और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. दिव्यानी कटारा का कथित ऑडियो



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। नगर निकाय चुनावों की तपिश के बीच उदयपुर कांग्रेस में अंतर्कलह और गुटबाजी खुलकर सतह पर आ गई है।

तीन बार कांग्रेस के अधिकृत विधानसभा प्रत्याशी रहे डॉ. विवेक कटारा और भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. दिव्यानी कटारा के बीच फोन पर हुई तीखी नोकझोंक का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इस ऑडियो के सामने आने के बाद संगठन के भीतर खींचतान, वरिष्ठ बनाम युवा नेतृत्व और आंतरिक मर्यादा को लेकर सियासी गलियारों में घमासान मच गया है। नेताओं के बीच बातचीत की शुरुआत से ही तनाव साफ महसूस किया जा रहा है:

सम्मान बनाम तल्ख तेवर: बातचीत के दौरान डॉ. दिव्यानी कटारा लगातार विवेक कटारा को "भैया" और "आप" कहकर संयमित लहजे में संबोधित करती सुनाई दे रही हैं।

वहीं, आरोप है कि दूसरी तरफ से विवेक कटारा ने कथित तौर पर "तू" और बेहद आक्रामक भाषा का इस्तेमाल किया।

## जयपुर में राजस्थान के सीएम के दौरे से पहले इस्कॉन मंदिर में आग लगने से बड़ा हादसा

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर के मुहाना में इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी समारोह के दौरान मंदिर परिसर में रखे गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की लपटें तेजी से वीआईपी पैविलियन की ओर बढ़ने लगीं, जिससे खतरनाक स्थिति पैदा हो गई क्योंकि मंदिर में कई श्रद्धालु मौजूद थे। इस घटना के दौरान मुहाना पुलिस स्टेशन के कॉन्स्टेबल कान सिंह ने अद्भुत साहस दिखाया। जैसे-जैसे आग तेज हुई और जलते हुए सिलेंडर से और बड़ी आग लगने का खतरा बढ़ा, वे खतरे वाली जगह की ओर बढ़े और सिलेंडर को प्रभावित इलाके से बाहर फेंक दिया। उनकी त्वरित कार्रवाई से आग को पास रखे, अन्य सिलेंडरों तक फैलने से रोकने, और एक बड़े हादसे को टालने में मदद मिली। मौके से मिली जानकारी के अनुसार, कॉन्स्टेबल कान सिंह आग के बावजूद उस इलाके में गए और कई श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मदद की। उनकी तुरंत की गई कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित करने और अफरातफरी को और बढ़ने से रोकने में मदद मिली। हालांकि, कॉन्स्टेबल की तत्परता ने खतरे को काफी कम कर दिया।

## वार्ड 12 में भाजपा के भीतर खुला विद्रोह, बाहेती को टिकट देने पर भड़के धनराज विश्नोई

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत बागी प्रत्याशियों की मान-मनौव्वल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के सामने अपने ही पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं के खुले असंतोष का संकट गहराने लगा है। जोधपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 12 में टिकट वितरण से उपजा विवाद अब खुले बगावती तेवर में तब्दील हो गया है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ता धनराज विश्नोई ने अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका बाहेती के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए न केवल विरोध प्रदर्शन किया, बल्कि समर्थकों संग भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त कराने और निर्दलीय का समर्थन करने की खुली शपथ ली है। नीति के उल्लंघन का आरोप: विश्नोई का कहना है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट घोषणा की थी कि कार्यकर्ता अपने-अपने गृह वार्ड से ही दावेदारी करेंगे। इसके बावजूद वार्ड 12 में इस दिशा-निर्देश को धता बताकर बाहरी प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया गया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, फायरिंग में एक की मौत, ट्रैक्टर से कुचलकर चार घायल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

भरतपुर। संभाग मुख्यालय के डीग जिले में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई और ट्रैक्टर से हमला किया गया। फायरिंग में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भरतपुर के जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला डीग जिले के कैथवाड़ा थाना क्षेत्र के डावक गांव का है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी पांच भाई दाताराम, राजजो, रगवार, महावीर और मुखराम नोहरे में बनी कोठरी में बैठे हुए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के रामेश्वर, मुकुट सहित करीब 30-35 लोग ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे और हमला करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान आरोपी पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई। गोली मुखराम के मुंह में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुई फायरिंग के बाद चारों भाई जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। आरोप है कि रामेश्वर, मुकुट सहित अन्य लोगों ने उनका पीछा कर उन्हें घेर लिया और ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया, जिससे चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से ट्रैक्टर बरामद कर लिया है।



# हिंदुस्तान जिंक के शिक्षा संबल कार्यक्रम से 75 सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को मिली नई दिशा

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। हिंदुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में यह कार्यक्रम 75 सरकारी विद्यालयों में संचालित हो रहा है, जहां 60 से अधिक फेलो और फील्ड पर्सनल्स शिक्षक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत नियुक्त शिक्षकों द्वारा नियमित शिक्षण, अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग एवं सुधारात्मक कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप विद्यालयों के शैक्षणिक परिणामों में पिछले वर्षों के दौरान लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि कार्यक्रम के प्रभावी शैक्षणिक सहयोग और विद्यार्थियों के प्रति समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। शिक्षकों के विकास हेतु रेगुलर ट्रेनिंग, मेंटरिंग और क्लासरूम में मदद के जरिए, शिक्षकों को पढ़ाने के नए और बेहतर तरीके सिखाए जाते हैं, जिससे क्लासरूम में पढ़ाई अधिक प्रभावी होती है और छात्रों के सीखने के नतीजों में सुधार आता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 शिक्षा संबल शिक्षकों को अपने-अपने विद्यालयों में शैक्षणिक परिणामों में सुधार तथा नामांकन बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उनके समर्पण और मेहनत की पहचान है। कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग मिलने से उनकी विषयों को समझने की क्षमता में सुधार हुआ है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से सुधारात्मक कक्षाएं संचालित किए जाने से उन्हें अपनी कमियों को दूर करने और पाठ्यक्रम को बेहतर तरीके से समझने का अवसर मिल रहा है। शिक्षा संबल के माध्यम से विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया को विद्यार्थियों की जरूरत के अनुरूप बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। कक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षण, अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन जैसी पद्धतियों के इस्तेमाल से विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



## नगर निकाय चुनाव-2026: ईवीएम मशीनों का पूरक एवं द्वितीय रेंडमाइजेशन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

श्रीगंगानगर। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार जिले में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन 25 अगस्त 2026 को पूर्ण किया जा चुका है। नगर परिषद श्रीगंगानगर में प्रथम रेंडमाइजेशन के पश्चात एक सहायक मतदान केंद्र स्थापित होने के कारण शुक्रवार को ईवीएम मशीनों का पूरक और द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पूरक रेंडमाइजेशन पूर्ण होने के तुरंत बाद ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन ईवीएम ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। जिले में निकाय चुनाव के तहत प्रथम चरण के लिए 6 सितंबर 2026 को नगरपालिका सूरतगढ़।

## नीमराना में पार्ले बिस्किट्स एवं कैंडी यूनिट में जन्माष्टमी की धूम : मटकी फोड़ में दिखा कर्मचारियों का उत्साह



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

नीमराना। औद्योगिक नगरी नीमराना स्थित पार्ले बिस्किट्स एवं कैंडी यूनिट परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनिट परिसर में विशेष सांस्कृतिक व धार्मिक उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। हांडी फोड़ प्रतियोगिता में दिखा टीम भावना का उल्लास समारोह के दौरान विशेष रूप से हांडी (मटकी) फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया:

कर्मचारियों का उत्साह: विभिन्न विभागों के टीम सदस्यों ने पारंपरिक तरीके से मानव पिरामिड बनाकर हांडी फोड़ने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सौहार्द और एकजुटता: प्रतियोगिता के दौरान कर्मचारियों में जबरदस्त ऊर्जा, आपसी सहयोग और मजबूत टीम भावना देखने को मिली।

भक्तिमय वातावरण: "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" और "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" के गगनभेदी जयघोषों से पूरा औद्योगिक परिसर कृष्णमय और उत्सव के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ प्रबंधन ने मौजूद रहकर कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया:

प्रमुख उपस्थिति: इस अवसर पर यूनिट हेड संदीप राजौरिया, डॉ. विनोद जैन, सचिन यादव, दिनकर श्रीवास्तव और श्री कृष्ण यादव सहित पार्ले टीम के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

आपसी समन्वय की सीख: डॉ. विनोद जैन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य ध्येय कार्यस्थल पर कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, समरसता, सांस्कृतिक जुड़ाव और एकजुटता को सुदृढ़ करना है। सभी सदस्यों ने एक परिवार की तरह मिलकर कान्हा के जन्मोत्सव की खुशियां साझा कीं।

## चित्तौड़गढ़ नगर परिषद चुनाव: भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र, आक्या ने भ्रष्टाचार पर कांग्रेस को घेरा

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ नगर परिषद आम चुनाव-2026 के चुनावी रण में भारतीय जनता पार्टी ने विकास, सुशासन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को अपना मुख्य हथियार बनाते हुए शुक्रवार को आधिकारिक संकल्प पत्र जारी कर दिया। भाजपा ने शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और पर्यटन की दृष्टि से अग्रणी बनाने का विजन सामने रखा है। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद सी.पी. जोशी ने दावा किया कि जनसंघ के दौर से ही चित्तौड़गढ़ की जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ रहा है और पार्टी इस बार नगर परिषद में ऐतिहासिक व रिकॉर्ड बहुमत के साथ अपना बोर्ड गठित करेगी। इंदौर की तर्ज पर संवरेगा चित्तौड़गढ़, गंभीरी रिवर फ्रंट प्राथमिकता: सांसद जोशी पत्रकार वार्ता में संकल्प पत्र जारी करते हुए सांसद सी.पी. जोशी ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाईं:

डबल इंजन से विकास की गारंटी: सांसद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा शहर को दी गई मूलभूत सुविधाएं और विकास कार्य भाजपा के सबसे बड़े संबल हैं। 'अमृत सिटी' योजना के तहत चित्तौड़गढ़ को मिली सौगातों ने विकास को नई गति दी है।

प्रमुख परियोजनाएं: उन्होंने घोषणा की कि बोर्ड बनने पर गंगा-गंभीरी नदी पर भव्य रिवर फ्रंट का निर्माण, गंभीरी माता की प्रतिमा की स्थापना और शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर शौर्य व स्वागत द्वार बनाने जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी, जिला संगठन सह-प्रभारी नरेंद्र जैन, चुनाव संयोजक सुशील शर्मा, सह-संयोजक अनंत समदानी, हर्षवर्धन सिंह रूद, रघु शर्मा, सागर सोनी, नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, सुधीर जैन और मनोज पारीक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। घर-घर कचरा संग्रहण को चाक-चौबंद करना और सभी सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण।



## शहरों में सरकार से खफा वोटर; डैमेज कंट्रोल की बिसात पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान की सियासत में जब राजधानी की ठंडी आबोहवा अचानक दिल्ली की गर्म सांसों से दहकने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि मामला सिर्फ एक स्थानीय निकाय चुनाव भर का नहीं है। सत्ता के गलियारों में बजने वाली खतरे की घंटी इस बार शहरों से उठी है—और वह भी सीधे सरकार की 'एंटी इनकंबेंसी' (सत्तारूढ़ विरोधी लहर) के सुर में। शहरी निकायों का जो फीडबैक बंद कमरों से छनकर दिल्ली दरबार तक पहुंचा है, उसने हुक्मरानों की पेशानी पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी हैं।

जिस शहर को कभी केसरिया राजनीति की सबसे महफूज जागीर माना जाता था, आज वहीं से सत्ता के खिलाफ असंतोष के शोले भड़क रहे हैं। फीडबैक इतना कड़वा है कि जो विधायक कल तक आरामगाहों में आराम फरमा रहे थे और मंत्री जो जयपुर के सचिवालय से हुकूमत हांक रहे थे, उन्हें गली-कूचों और वार्डों की पगडंडियों पर पसीना बहाने के लिए झोंक दिया गया है। खुद मुख्यमंत्री को मोर्चा संभालना पड़ रहा है।



## मनोरंजन समाचार

### शहनाज गिल से तुलना पर बोलीं लवप्रीत गिल, मेरी भी अपनी पहचान है



पंजाब सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री लवप्रीत गिल इन दिनों 'बिग बॉस-20' को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि अगर वह बिग बॉस के घर जाती हैं तो दर्शक उनकी असली व्यक्तित्व को जान पाएंगे। जब आईएएनएस ने अभिनेत्री से बिग बॉस के घर जाने की वजह पूछी तो लवप्रीत गिल ने बताया कि न जाने की भी कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि एक कलाकार के तौर पर हम सभी को कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहिए। बिग-बॉस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां आप अपनी असली और बेबाक पर्सनालिटी दिखा सकते हैं।" अभिनेत्री ने बिग बॉस में दोस्ती बनाने को लेकर कहा, "मैं वहां गेम खेलने जा रही हूं और मेरा पूरा फोकस गेम पर ही रहेगा। सब कुछ सिचुएशन पर निर्भर करता है। मैं सभी के साथ अच्छे संबंध बनाए रखूंगी।" शो के अंदर खाना बनाने से लेकर सारे काम करेंगी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि खाना बनाना एक अच्छा काम है और हमारे पंजाब में इसे नेक काम भी बोला जाता है। मैं वहां बनाऊंगी भी और सभी को खिलाऊंगी भी। इसका गेम से कोई लेना-देना नहीं है।" आईएएनएस ने अभिनेत्री लव प्रीत गिल से एक और सवाल पूछा, "आप बिग बॉस में पंजाबी एक्ट्रेस के तौर पर एंट्री करेंगी। शहनाज गिल से तुलना के बारे में आप क्या सोचती हैं?" अभिनेत्री लवप्रीत गिल ने कहा, "वह मेरी सीनियर आर्टिस्ट हैं और मेरी खुद की अपनी पहचान है। मैंने भी इंडस्ट्री को कुछ साल दिए हैं। मैं पब्लिक से रिक्वेस्ट करती हूं कि वे समझें कि मेरा अपना नाम है।"

### पूरी हुई 'लव एंड वॉर' की शूटिंग, तय हुई रणबीर-आलिया-विक्की की फिल्म की रिलीज डेट



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। लंबे समय से निर्माणाधीन इस फिल्म के शूट का खत्म होना मेकर्स के लिए एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। शूटिंग पूरी होने के बाद अब फिल्म की टीम पोस्ट-प्रोडक्शन के काम में जुटेगी। भंसाली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही काफी उत्सुकता है, क्योंकि इसमें पहली बार रणबीर और विक्की कौशल के साथ आलिया भट्ट की जोड़ी एक साथ नजर आने वाली है। इस बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग पूरी होने के मौके पर पूरी यूनिट ने हाल ही में एक इमोशनल फेयरवेल भी मनाया। फिल्म से जुड़े कलाकारों और क्रू के लिए यह खास पल था, क्योंकि प्रोजेक्ट लंबे समय से निर्माण के अलग-अलग चरणों से गुजर रहा था। शूटिंग पूरी होने के साथ अब फिल्म को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू होगी। संजय लीला भंसाली की फिल्मों में विजुअल्स, बैकग्राउंड स्कोर, एडिटिंग और प्रोडक्शन डिजाइन का खास महत्व रहता है, इसलिए पोस्ट-प्रोडक्शन का चरण भी इस फिल्म के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। फिल्म की कहानी को लेकर मेकर्स ने फिलहाल ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। हालांकि, इसे एक रोमांटिक वॉर ड्रामा बताया जा रहा है। फिल्म में प्यार और युद्ध की पृष्ठभूमि के बीच रिश्तों और भावनाओं की कहानी देखने को मिल सकती है। कहानी को लेकर गोपनीयता बरकरार रखी गई है और अभी तक फिल्म का फर्स्ट लुक भी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है। फिल्म की रिलीज के करीब आने के साथ इसके फर्स्ट लुक, ट्रेलर और प्रमोशनल कैंपेन से जुड़ी जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। 'लव एंड वॉर' को 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में समय रैना ने वरुण धवन की वायरल स्माइल की उतारी नकल



कॉमेडियन समय रैना 4 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2 का एक खास एपिसोड लेकर आ रहे हैं। इसमें गेस्ट के तौर पर एक्टर वरुण धवन और मेधा शंकर के साथ-साथ दूसरे पैनलिस्ट भी शामिल होंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पर इस आने वाले एपिसोड का एक मजेदार ट्रेलर शेयर किया है। प्रोमो में समय एक्टर वरुण की ट्रेडमार्क स्माइल पर मजेदार तंज कसते हैं। वहीं, एक गेस्ट पैनलिस्ट उनकी एक्टिंग स्किल्स पर भी मजाक करते हैं। इस बात पर सब हंसने लगते हैं और एक्टर भी इसे मजाक के तौर पर ही लेते हैं।

# कालीन भैया की भौकाल और गुड्डू-मुन्ना की वापसी से हिला बॉक्स ऑफिस, 'मिर्जापुर द मूवी' पर पहले दिन हुई नोटों की बारिश

'मिर्जापुर द मूवी' ने 4 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है। फिल्म को शुरुआती तौर पर दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और पहले दिन के कलेक्शन ने भी फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता का संकेत दिया है। इंडिया टीवी ने भी फिल्म को 3 रेटिंग दी है। ओटीटी पर अपनी अलग पहचान बना चुकी 'मिर्जापुर' की दुनिया को इस बार बड़े पर्दे पर लाया गया है। फिल्म में पुराने और लोकप्रिय किरदारों की वापसी के साथ एक नया चेहरा भी कहानी में अहम भूमिका निभाता है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन भारत में अच्छी कमाई की है। ट्रेड ट्रैकर Sacnilk के आंकड़ों के अनुसार 'मिर्जापुर द मूवी' ने रिलीज के पहले दिन भारत में करीब 24.75 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन देशभर में कुल 11,135 शो मिले और इसकी ओवरऑल ऑक्यूपेंसी करीब 42.81 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और अंतिम कलेक्शन में बदलाव संभव है। फिल्म की कमाई में हिंदी वर्जन का सबसे बड़ा योगदान रहा। हिंदी में फिल्म ने करीब 24.60 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। इस वर्जन के लिए 10,961 शो रखे गए थे और हिंदी शो की कुल ऑक्यूपेंसी लगभग 34 प्रतिशत रही। वहीं तेलुगु वर्जन का प्रदर्शन शुरुआती दिन अपेक्षाकृत सीमित रहा। तेलुगु में फिल्म ने करीब 0.15 करोड़ रुपये कमाए और इसे 128 शो मिले, जिनकी ऑक्यूपेंसी लगभग 19 प्रतिशत रही। इन शुरुआती आंकड़ों के आधार पर फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन करीब 29.70 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में खासकर शनिवार और रविवार को कलेक्शन में बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है। वीकेंड पर दर्शकों की संख्या बढ़ने से फिल्म के शुरुआती प्रदर्शन को और मजबूती मिल सकती है। 'मिर्जापुर द मूवी' की सबसे खास बात इसकी टाइमलाइन है। फिल्म की कहानी साल 2018 के दौर में सेट की गई है। यानी यह सीधे तौर पर वेब सीरीज के तीसरे सीजन के बाद की घटनाओं को आगे बढ़ाने के बजाय मिर्जापुर की दुनिया के एक ऐसे अध्याय को सामने लाती है, जिसे दर्शकों ने पहले स्क्रीन पर नहीं देखा है। इस टाइमलाइन के जरिए फिल्म को पुराने किरदारों के बीच नए समीकरण और घटनाक्रम दिखाने का मौका मिलता है। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी के कुछ ऐसे किरदार भी पर्दे पर नजर आते हैं, जिनकी कहानी सीरीज में अलग मोड़ ले चुकी थी। फिल्म पुराने फैंस के लिए नॉस्टेल्जिया पैदा करने के साथ-साथ मिर्जापुर की दुनिया को एक अलग सिनेमाई संदर्भ में पेश करने की कोशिश करती है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी एक बार फिर कालीन भैया यानी अखंडानंद त्रिपाठी के किरदार में लौटे हैं। मिर्जापुर की सत्ता और गद्दी से जुड़ी कहानी में कालीन भैया की मौजूदगी फ्रेंचाइजी की सबसे बड़ी पहचान रही है। इस बार बबलू पंडित के किरदार में जितेंद्र कुमार नजर आ रहे हैं।



# अभिनेत्री होने के नाते हर प्रोजेक्ट में बेस्ट देने की कोशिश करती हूं : अश्मेता बख्शी

अभिनेत्री अश्मेता बख्शी इन दिनों टेलीविजन सीरीज '108 बेस हॉस्पिटल- उरी' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी अभिनय की दुनिया में उनका सफर रोलर-कोस्टर राइड की तरह रहा है। अभिनेत्री का मानना है कि जब आप किसी भी फील्ड में काम करते हैं, तो उतार-चढ़ाव होना आम बात है। उन्होंने बताया, "मैंने बहुत सारे रोल किए हैं और एक एक्टर के तौर पर, मैं इतने अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर खुद को खुशकिस्मत महसूस करती हूं। यह एक खूबसूरत सफर रहा है।" अभिनेत्री से आईएएनएस ने सवाल किया, "आपने फिल्म, वेब सीरीज और टेलीविजन में काम किया है, तो आपको इन मीडिया में क्या फर्क लगता है और आपको कौन सा माध्यम ज्यादा सही लगता है?" अभिनेत्री ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, "मीडिया कोई भी हो करनी तो आपको एक्टिंग ही है, हमें जो लिखा मिलता है बस उसी में बेस्ट देने की कोशिश करते हैं। ऐसा कभी नहीं होता कि अगर आप कोई फिल्म कर रहे हैं, तो आप ज्यादा मेहनत करेंगे और अगर आप कोई सीरियल कर रहे हैं, तो आप कम मेहनत करेंगे।" अभिनेत्री ने आगे कहा, " मुझे लगता है कि मेकर्स को फर्क पता होता है। यह मेकिंग से आता है, चाहे वह डायलॉग्स में हो, किसी चीज को लिखने के तरीके में या खुद मीडियम में, लेकिन एक आर्टिस्ट के लिए, यह बस वह काम है जो वे कर रहे हैं।" अभिनेत्री का कहना है कि वह अभिनेत्री होने के नाते किसी भी प्रोजेक्ट में अपना बेस्ट देने की कोशिश करती हैं। फिर, चाहे वह फिल्म, सीरियल हो या वेब सीरीज। अभिनेत्री अश्मिता बख्शी टेलीविजन सीरीज '108 बेस हॉस्पिटल - उरी' में आर्मी मेजर/नर्स अनीता सोलंकी के किरदार में नजर आ रही हैं, जो युद्ध या संघर्ष वाले क्षेत्र में तैनात सैन्य डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का हिस्सा हैं। उनके साथ स्मिता बंसल भी शो में नर्स की भूमिका निभा रही हैं। इस प्रोजेक्ट में उनके साथ एरिका फर्नांडिस और शहीर शेख जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। यह शो कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होता है। अश्मेता बख्शी ने बताया कि '108 बेस हॉस्पिटल- उरी' निभाना उनके लिए एक अलग तरह का अनुभव रहा है। सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े किरदार की भावनाओं और जिम्मेदारियों को समझते हुए उन्होंने भूमिका को स्वाभाविक तरीके से प्रस्तुत करने पर विशेष ध्यान दिया। अभिनेत्री के अनुसार, ऐसे किरदार निभाते समय केवल संवाद बोलना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि पात्र की परिस्थितियों और मानसिक स्थिति को समझना भी जरूरी होता है। अनीता सोलंकी के किरदार में उन्हें जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच काम करने वाली महिला की भूमिका को पर्दे पर उतारने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग माध्यमों में काम करने से एक कलाकार के अनुभव का दायरा बढ़ता है। फिल्म, टेलीविजन और वेब सीरीज की कार्यशैली भले अलग हो सकती है, लेकिन अभिनय के प्रति कलाकार की मेहनत और प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। अश्मेता ने अपने अब तक के सफर को लेकर कहा कि हर प्रोजेक्ट ने उन्हें कुछ नया सीखने का अवसर दिया है। अलग-अलग तरह के किरदारों ने उन्हें बतौर कलाकार अपनी क्षमताओं को तलाशने और उनमें लगातार सुधार करने में मदद की है। '108 बेस हॉस्पिटल- उरी' में सैन्य चिकित्सा व्यवस्था और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से जुड़े पहलुओं को कहानी का हिस्सा बनाया गया है। शो में विभिन्न कलाकारों के किरदारों के जरिए अस्पताल में काम करने वाले मेडिकल स्टाफ और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। अभिनेत्री का कहना है कि भविष्य में भी वह ऐसे किरदार निभाना चाहती हैं जो उन्हें कलाकार के तौर पर चुनौती दें और दर्शकों तक अलग तरह की कहानियां पहुंचाने का अवसर दें। उनके लिए माध्यम से ज्यादा महत्वपूर्ण किरदार और उसे ईमानदारी से निभाने का अनुभव है। अश्मेता ने कहा कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसके व्यक्तित्व और परिस्थितियों को समझना उनके लिए महत्वपूर्ण रहता है। उनका मानना है कि कलाकार जितना अपने किरदार के करीब जाने की कोशिश करता है, पर्दे पर उसका प्रदर्शन उतना ही प्रभावी और विश्वसनीय दिखाई देता है। अभिनेत्री ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव को लेकर भी खुलकर बात की। उन्होंने माना कि मनोरंजन की दुनिया में हर कलाकार को अलग-अलग दौर से गुजरना पड़ता है। कभी काम की लगातार व्यस्तता रहती है तो कभी नए अवसरों का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन ऐसे समय कलाकार को धैर्य बनाए रखते हुए अपने कौशल पर काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग भूमिकाओं को स्वीकार करने से उन्हें एक ही तरह की छवि में बंधने से बचने में मदद मिली।



## राखी सावंत ने बताया क्यों किया था स्वयंवर, 'ड्रामा क्वीन' ने बताई वजह, बोलीं- 'सब स्ट्रगलर्स लेकर आए'



राखी सावंत ने 2009 में एक स्वयंवर रखा था, जिसके लिए उन्हें 16 पुरुषों को डेट करना था और एक पति चुनना था। राखी का स्वयंवर भारतीय टेलीविजन पर सबसे चर्चित रियलिटी शो में से एक बन गया। राम कपूर द्वारा आयोजित इस शो में बिजनेसमैन, एक्टर, मॉडल, पुलिसकर्मी, कोरियोग्राफर, फिटनेस ट्रेनर और ज्योतिषी शामिल हुए थे। ये सभी राखी से शादी करना चाहते थे। अब 'ड्रामा क्वीन' ने अपने स्वयंवर करने की असली वजह बताई है। ये बात अलग है कि राखी को उस वक्त पति नहीं चाहिए था। राखी सावंत हाल ही में कॉमेडियन रौनक रजानी के शो रिलेशनशिप एडवाइस में दिखाई दीं और खुलासा किया कि वह रियलिटी शो करने के लिए क्यों सहमत हुई थीं। राखी ने कहा, 'स्वयंवर में तो मैं दूल्हा ढूंढ रही थी। ये सब स्ट्रगलर्स को ले कर आए थे। मैं उस समय बहुत नई थी, किशोरी थी। मेरा फोकस तो बॉलीवुड पर था। प्यार व्यार तो मैं ढूंढ ही नहीं रही थी। मुझे घर लेना था इसी के लिए स्वयंवर किया कि पैसा बैंक में आऊं... हां, यह नकली बात है। मैं तो सिर्फ ये सोच रही थी कि मुझे हरे नोट मिल जाए बस ताकि मैं लोखंडवाला में एक घर खरीद सकूं। मैं किराए पर रहती थी, मुझे घर चाहिए था। एक तरफ स्क्रिप्ट निर्देशक और निर्माता सुना रहा है। एक तरफ वो पैसे दे रहा है।'

## भारत के बाद विदेशों में दिखेगा 'हनुमान अंश' का जलवा, 11 सितंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

भारत में फिल्म 'हनुमान अंश' की जबरदस्त सफलता के बाद 'केजीएफ', 'कांतारा' और 'सालार' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस 'होम्बले फिल्म्स' ने इस फिल्म को इंटरनेशनल दर्शकों तक पहुंचाने का जिम्मा लिया है। विशाल चतुर्वेदी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म भारत में तो सफल रही ही है। अब इसे 11 सितंबर 2026 को विदेशों में भी रिलीज किया जाएगा। होम्बले फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वे विदेशों में 'हनुमान अंश' को रिलीज करेंगे। प्रोडक्शन हाउस ने कहा कि आस्था और आध्यात्मिकता पर आधारित इस फिल्म की कहानी अब भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। विशाल चतुर्वेदी द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म नीम करोली बाबा पर आधारित है। बताया जाता है कि यह फिल्म 1.8 करोड़ रुपये के कम बजट में बनी थी, लेकिन इसकी सफलता ने होम्बले फिल्म्स का ध्यान खींचा, जो अब इसे इंटरनेशनल लेवल पर रिलीज करने में मदद कर रहा है। यह एक खास बात है, क्योंकि ऐसा कम ही होता है कि कोई बड़ा प्रोडक्शन हाउस किसी कम बजट वाली फिल्म को तब सपोर्ट करे, जब उसका कंटेंट दर्शकों को पसंद आ जाए। यह फिल्म एक आध्यात्मिक गुरु के जीवन और उनकी शिक्षाओं के साथ-साथ अलग-अलग बैकग्राउंड के लोगों पर उनकी सोच के असर को समझने की कोशिश करती है। सैकनिल्क के दिए गए आंकड़ों के अनुसार 'हनुमान अंश' ने भारत में लगभग 10 लाख रुपये से शुरुआत की और 28वें दिन तक 62 करोड़ रुपये से ज्यादा की नेट कमाई कर ली। फिल्म के निर्माताओं का मानना है कि वर्ड ऑफ माउथ की वजह से यह लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिकी रही। अब इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज करके निर्माता नीम करोली बाबा की कहानी को विदेशों में रहने वाले दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर यश की 'टॉक्सिक' को जबरदस्त टक्कर दे रही है। 'हनुमान अंश' के हिंदी वर्जन ने 28वें दिन कुल मिलाकर 38.01% ऑक्यूपेंसी दर्ज की। दिन भर में दर्शकों की संख्या में नाइट स्क्रीनिंग का सबसे बड़ा योगदान रहा। नाइट शो में शानदार 65.23% ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। इसके बाद इवनिंग स्क्रीनिंग में 40.54% ऑक्यूपेंसी रही।



## सार समाचार

### ईरान के बाद अब क्यूबा पर आफत! अमेरिका ने लगा दिए नए प्रतिबंध



अमेरिका ने अब क्यूबा को नई चोट दी है। अमेरिका ने पहले से कई समस्याओं से जूझ रहे क्यूबा की इकोनॉमी पर और प्रेशर बढ़ाने के प्रयास के तहत बीते गुरुवार को उस पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। बता दें कि जिन लोगों और कंपनियों पर अमेरिकी की तरफ से प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के पोते फिदेल अर्नेस्टो कास्त्रो और क्यूबा की ऑयल इंडस्ट्री सप्लाई इम्पोर्ट कंपनी 'अबापेट' भी शामिल हैं। जान लें कि यह कंपनी क्यूबा की जर्जर हो चुकी बिजली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जरूरी स्पेशलाइज्ड इक्विपमेंट और कलपुर्जों का इम्पोर्ट करती है। प्रतिबंध मामलों के एक्सपर्ट और परामर्श कंपनी 'ओब्सीडियन रिस्क एडवाइजर्स' के मैनेजिंग पार्टनर ब्रेट एरिकसन बोले कि इन प्रतिबंधों का मकसद क्यूबा की अहम मशीनों और उपकरणों के कामकाज को बाधित करना व उसके Energy Crisis को और बड़ा बनाना है। ब्रेट एरिकसन ने आगे कहा, ''अमेरिका क्यूबा पर ज्यादा से ज्यादा दबाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन, क्यूबा में सत्ता परिवर्तन के अलावा किसी अन्य गंभीर नहीं दिखाता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो क्यूबा को छोड़ेंगे नहीं। एरिकसन का अनुमान है कि क्यूबा की सरकार प्रतिबंधों से बचने के रास्ते तलाशेगी, ''क्योंकि उनके पास और कोई ऑप्शन नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा कि वे रखरखाव के लिए आवश्यक इन एक्विपमेंट्स को हासिल करने के लिए नए तरीके तलाशेंगे।

### नेपाल आपदा में करीब 600 बच्चे लापता, दिन-रात मलबे में तलाशी जा रही है जिंदगी



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी आपदा के बाद 10वें दिन भी सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सेना के जवान दिन रात मलबे में जिंदगी की तलाश कर रहे हैं। रसुवा से लेकर नुआकोट तक चप्पे-चप्पे पर लोगों की तलाश किया जा रहा है। इस बीच एक दुखी कर देने वाली खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, नेपाल में बाढ़ के कारण आई तबाही में रसुवा और नुवाकोट इलाके में लगभग 600 बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय सरकारों और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जो आंकड़े जुटाए गए हैं उसके अनुसार, रसुवा में करीब 280 बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। वहीं, नुवाकोट में करीब 300 से 350 बच्चों का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि कुछ लापता छात्रों का पता लगा है लेकिन जिले में कम से कम 300 छात्र लापता हैं।

### "थैंक्यू डियर पीएम मोदी", मेलोनी ने प्रधानमंत्री के बधाई संदेश का दिया जवाब; जानिए क्या-क्या कहा



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया। पीएम मोदी ने उन्हें युद्ध के बाद के दौर में इटली की सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी थी। मेलोनी ने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए मेलोनी ने कहा, "प्रिय नरेंद्र मोदी, आपकी बातों और आपकी दोस्ती के लिए धन्यवाद। इटली और भारत के बीच रिश्ते आज पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं।" मेलोनी ने कहा कि हमारी पिछली मुलाकात के दौरान हमने जो खास रणनीतिक साझेदारी शुरू की थी, वह इस रिश्ते की अहमियत और विकास के नए मौके बनाने के लिए हमारे देशों की विशेषज्ञता को एक साथ लाने की इच्छा को दिखाती है। साथ ही, यह हमारे सामने मौजूद सहयोग के असाधारण मौकों का फ़ायदा उठाने की कोशिश भी है। मेलोनी ने कहा कि मुझे यकीन है इटली और भारत मिलकर रिश्ते और मज़बूत करते रहेंगे और 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' विकसित करने के लिए भी साथ मिलकर काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मेलोनी की मित्रता ने भारत-इटली विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के समृद्ध भविष्य के निर्माण के लिए करीबी सहयोग जारी रखने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में उनकी निरंतर सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।

# रूस-यूक्रेन जाएंगे ट्रंप के दूत, जेलेंस्की ने पुतिन से कुछ समय के लिए युद्धविराम की मोहलत मांगी



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को रूस के साथ कुछ समय के लिए युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है। ट्रंप के दूत मॉस्को और कीव का दौरा करने वाले हैं। आज यह साफ़ हो गया है कि आने वाले दिनों में अमेरिकी प्रतिनिधि यूक्रेन और रूस जाएंगे। हमारे पास अमेरिकी राष्ट्रपति की टीम से जानकारी है। आज हमने चर्चा की कि स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर रविवार को मॉस्को और फिर कीव जाएंगे। हम इस दौरे की तैयारी कर रहे हैं। जैसा कि हमने अमेरिकी पक्ष के पिछले राजनयिक दौरों के दौरान किया था, हम रूसी हवाई क्षेत्र के सामान्य कामकाज को सुनिश्चित करेंगे ताकि बातचीत करने वाले सुरक्षित रूप से पहुंच सकें। हम उनके लिए ऐसा कर रहे हैं, न कि रूस के लिए। हमारी तरफ से कोई हवाई हमला नहीं होगा, और रूस को भी ऐसा ही करना होगा; उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बातचीत और अमेरिकी दौरे से जुड़े लॉजिस्टिकल मामलों को निपटाने के लिए ज़रूरी समय के दौरान उनकी तरफ से कोई हवाई हमला न हो। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में ट्रंप के दूतों के दौरे की पुष्टि की। उन्होंने कहा, "ये जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति की टीम से मिली है। हमने आज चर्चा की कि स्टीव विटकोफ और जेरेड कुशनर मॉस्को का दौरा करेंगे और रविवार को वे कीव जाएंगे।" जेलेंस्की ने लिखा, हमारा लक्ष्य अमेरिकी पक्ष के साथ इस दौरे और बातचीत को जितना हो सके उतना रचनात्मक और ठोस बनाना है। हमें ऐसे वास्तविक विकल्पों की तलाश करनी होगी जिनसे इस युद्ध को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। हम देखेंगे कि स्टीव और जेरेड क्या प्रस्ताव लाते हैं और मॉस्को में जवाब में उन्हें क्या बताया जाता है। बता दें कि अमेरिका के दूत जेरेड कुशनर और स्टीव विटकोफ शनिवार और रविवार को मॉस्को और कीव का दौरा करेंगे। वे रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए संभावित शांति समझौते पर बातचीत करेंगे।जेलेंस्की का यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब रूस ने यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के मुख्यालय पर दिन में हवाई हमला किया।

## 'हरे कृष्ण का जाप करता रहा, जन्माष्टमी के दिन बची जान'; 9 दिन बाद सुरंग से निकले शख्स ने बताई आपबीती



काठमांडू। नेपाल में त्रिशूली 3A हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की एक सुरंग में बाढ़ के 9 दिन बाद दो लोगों को रेस्क्यू किया गया। इनमें से बचाए गए एक व्यक्ति ने बताया कि फंसे होने के दौरान वह 'हरे कृष्ण' मंत्र का जाप करता रहा। उसे उम्मीद थी कि उसे बचा लिया जाएगा। संयोग से, उसे कृष्ण जन्माष्टमी के दिन बचाया गया, जो हिंदुओं का एक त्योहार है और भगवान कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि 9 दिन बाद बचाए गए दो कर्मचारियों में से एक, 30 साल के संजय साह थे, जो मधेश प्रांत के सप्तरी जिले के रहने वाले हैं। संजय साह नेपाल बिजली प्राधिकरण के कर्मचारी हैं। संजय साह ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि सुरंग के अंदर फंसे रहने के दौरान वह पिछले 9 दिनों से 'हरे कृष्ण' मंत्र का जाप कर रहे थे। सुरक्षित बाहर निकाले जाने के तुरंत बाद घटना के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "मैं पिछले नौ दिनों से हरे कृष्ण महामंत्र का जाप कर रहा था।" प्रोजेक्ट में फोरमैन के तौर पर काम करने वाले संजय साह ने बताया कि आपदा के बाद जब बाकी लोग भाग गए, तो वह वहीं रुके रहे क्योंकि उन्हें सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी महसूस हो रही थी। उन्होंने बताया कि जब हादसा हुआ, तब वह कंट्रोल रूम में काम कर रहे थे। साह ने कहा, "मैं कंट्रोल रूम में काम कर रहा था। मेरी जिम्मेदारी सबकी जान बचाना थी।" उन्होंने बताया कि हादसे के बाद उन्होंने सभी से भागने के लिए कहा, लेकिन जब तक बाकी लोग वहां से निकले, तब तक उनके लिए भागना बहुत देर हो चुकी थी। संजय साह ने यह भी कहा कि सुरंग में और भी लोग अंदर फंसे हो सकते हैं, जिनमें पावरहाउस के आस-पास के लोग भी शामिल हैं।

## नेपाल में भयानक बाढ़ के 9 दिन बाद सुरंग से जिंदा निकले दो शख्स



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के कारण त्रिशूली-3 'ए' जलविद्युत परियोजना की सुरंग के अंदर फंसे लोगों में से दो व्यक्तियों को आज 9 दिन बाद जिंदा बचा लिया गया है। नेपाली सेना के तरफ से बताया गया है कि सुरंग के अंदर से दो व्यक्तियों को जीवित अवस्था में बाहर निकाला गया है। नेपाली सेना ने बताया कि आज सुबह ही खोज एवं बचाव अभियान के दौरान सुरंग के अंदर से किसी व्यक्ति की आवाज सुनाई देने का संकेत मिला था। इसके बाद सुरंग के भीतर फंसे लोगों की तलाश तेज कर दी गई थी। बचाए गए एक व्यक्ति का नाम संजय साह है, जो नेपाल के सप्तरी के निवासी है और वह त्रिशूली हाइड्रोपावर में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में कार्यरत था। इसी तरह दूसरे जीवित व्यक्ति की पहचान कबीर महर्जन के रूप में हुई है, जो इसी हाइड्रोपावर में सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, बचाव कर्मियों द्वारा प्रभावित इलाकों से और शव बरामद किए जाने के बाद, पिछले हफ्ते नेपाल में आई अचानक बाढ़ से मरने वालों की संख्या कम से कम 1,282 हो गई है। हालांकि इमरजेंसी टीमों ने 12,000 से ज्यादा लोगों को बचाया है, लेकिन खोज और बचाव अभियान जारी रहने के बीच लगभग 5,000 लोग अभी भी लापता हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत में रहने वाले करीबी खून के रिश्तेदार - जैसे पिता, माता, बेटा, बेटी या भाई-बहन - सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरीज (CFSLs), स्टेट फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरीज (SFSLs), नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (NFSU) की लैब और DNA प्रोफाइलिंग की क्षमता वाली NABL-मान्यता प्राप्त लैब में अपने बायोलॉजिकल सैंपल दे सकते हैं और DNA प्रोफाइल बनवा सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने उन सरकारी फोरेंसिक साइंस लैब की सूची भी साझा की है, जिनमें DNA प्रोफाइलिंग की सुविधा है। इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर +977 9841 6160 95 है।

## पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान में 25 लोगों को जबरन गायब करने का आरोप

क्वेटा। एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने शुक्रवार को बलूचिस्तान के खुजदार जिले के जेहरी क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के तेज किए गए सैन्य अभियानों की कड़ी निंदा की। आरोप लगाया गया है कि रिहायशी इलाकों में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए, जबकि 25 नागरिकों को जबरन गायब कर दिया गया। सूत्रों के हवाले से बलूच वॉयस फॉर जस्टिस (बीवीजे) ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के कथित ड्रोन हमले में पानी लेने गई महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला सहित दो अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। संगठन ने कहा कि मृतक की पहचान और घायलों की मौजूदा स्थिति की पुष्टि करना मुश्किल है। रिपोर्टों का हवाला देते हुए मानवाधिकार संस्था ने आगे कहा कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर 25 स्थानीय निवासियों को हिरासत में लेकर जबरन गायब कर दिया है। यह घटना जेहरी में लंबे समय से लगे कर्फ्यू के बीच सामने आई है, जो कई महीनों से जारी है। बीवीजे ने कहा, "कर्फ्यू के कारण जेहरी में मोबाइल फोन सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, जिससे प्रभावित समुदायों के साथ संचार गंभीर रूप से बाधित हो गया है। इस संचार ब्लैकआउट के कारण जबरन गायब किए गए लोगों के साथ-साथ मारे गए या घायल हुए लोगों के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करना विशेष रूप से कठिन हो गया है।" इसके नतीजे में, स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और बिजनेस करने वालों सहित हजारों लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

## 'भारत के तेल न खरीदने से नहीं रुकेगी रूस-यूक्रेन की जंग, बातचीत जरूरी', पोलैंड में बोले विदेश मंत्री जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड में कहा कि भारत के तेल नहीं खरीदने से यूक्रेन और रूस के बीच जंग नहीं रुकने वाली। उन्होंने भारत के रूस से तेल खरीदने की वजह बताते हुए कहा कि 1.4 बिलियन लोगों की जरूरतों को पूरा करना भारत सरकार की जिम्मेदारी है। मौजूदा हालातों में तेल की आपूर्ति करना बेहद चुनौती पूर्ण है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन की जंग पांचवें साल में पहुंच चुकी है और यह नहीं खत्म होने वाली है। इसलिए नहीं कि किसी ने तेल, एल्युमिना, फर्टिलाइजर, या मेटल और मिनरल खरीदने या न खरीदने का फैसला किया। यह तब खत्म होगी, जब डिप्लोमेसी होगी, जब बातचीत होगी, जब नेगोशिएशन होगा। मुझे लगता है कि समस्या को ठीक से पहचानना चाहिए। मुद्दा एक झगड़ा है, यह एक जंग है, और इसका समाधान व्यापार में नहीं है। इसका समाधान बातचीत में है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "हम यूक्रेनी पक्ष और रूसी पक्ष के साथ लगातार संपर्क में हैं। मैं खुद कुछ दिन पहले मॉस्को में था, और प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति पुतिन 2-3 दिन पहले बिश्केक में मिले थे, और फिर मैं कीव गया था। रूसी पक्ष और कल यूक्रेनी पक्ष के साथ हमारी काफ़ी डिटेल में बातचीत हुई। हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या ऐसे कोई आइडिया और सुझाव हैं, जिन्हें किसी तरह से डेवलप किया जा सके, जिससे वे लड़ाई को कम करने में, या यूं कहें कि लड़ाई को खत्म करने में मदद कर सकें।" डिप्टी प्राइम मिनिस्टर राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ हाई-लेवल बाइलेटरल कंसल्टेशन के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, "डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और मैंने कुछ बड़े ग्लोबल और रीजनल मुद्दों पर भी बात की। उनमें से एक खास है, यूक्रेन में चल रहा युद्ध, जो अब अपने 5वें साल में है। मुझे लगता है कि आप में से ज्यादातर लोग जानते होंगे कि मैं खुद अभी कीव से यहां आया हूं। भारत का मानना है कि कभी न खत्म होने वाले युद्ध का रास्ता युद्ध को खत्म करने की ओर ले जाना चाहिए। ये ऐसे युद्ध हैं, जिनमें कोई जीत नहीं पाता। हर नया दिन मतलब ज्यादा मौत, ज्यादा तबाही, सभी पक्षों को ज्यादा नुकसान और बाकी दुनिया को इसकी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। यह चिंता हाल ही में पीएम मोदी ने सबके सामने जाहिर की थी। इसलिए हमारी कोशिशें बातचीत और डिप्लोमेसी को बढ़ावा देने पर फोकस होनी चाहिए।

## यमन में सरकार और हौती विद्रोहियों के बीच भीषण संघर्ष, कम से कम 90 लोगों की मौत

अदन। पश्चिमी यमन में सरकारी बलों और हूती विद्रोहियों के बीच लड़ाई तेज होने से पिछले दो दिनों में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार से शुरू हुई झड़पों में 40 सरकारी सैनिक और 50 हौती लड़ाके मारे गए हैं। रेड सी तटीय क्षेत्र होदेदाह प्रांत में शुक्रवार तड़के हौतियों ने बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके बाद भीषण संघर्ष छिड़ गया। यहां कम से कम 14 सरकारी सैनिक मारे गए। वहीं, पड़ोसी ताइज प्रांत में गुरुवार से जारी झड़पों में 26 सरकारी सैनिकों की मौत हुई। दूसरी ओर, हौती नियंत्रित इलाकों के अस्पतालों में होदेदाह और ताइज़ मोर्चों पर मारे गए 50 हूती लड़ाकों के शव लाए गए हैं। सैन्य सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को दोनों पक्षों ने अतिरिक्त सैनिक, बख्तरबंद वाहन और भारी सैन्य उपकरण मोर्चों पर भेजे, जिससे संघर्ष और तेज हो गया। हाल के वर्षों में पश्चिमी यमन में यह सबसे भीषण जमीनी लड़ाइयों में से एक मानी जा रही है। इससे आशंका बढ़ गई है कि लंबे समय से अपेक्षाकृत शांत पड़े मोर्चों पर बड़े पैमाने पर हिंसा फिर लौट सकती है। इससे पहले सोमवार को यमन की सरकारी सेना ने दावा किया था कि उसने लाल सागर के अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्ग के पास स्थित सरकारी नियंत्रण वाले हानिश और जुकर द्वीपों की ओर बढ़ रही हूतियों की चार विस्फोटक नौकाओं को रोक दिया था। सरकारी बल हौती ठिकानों पर ड्रोन और तोपखाने से हमले कर रहे हैं, जबकि हौती समूह मारिब और पश्चिमी रेड सी तट पर सरकारी नियंत्रण वाले इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है।

## तिब्बत के पूर्व निर्वासित PM का खुलासा, चीनी राष्ट्रपति Xi jinping को दो बार आ चुका है हार्ट अटैक



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सेहत को लेकर एक नया दावा सामने आया है, जिससे देश की लीडरशिप और उत्तराधिकार की योजनाओं पर सवाल उठने लगे हैं। तिब्बत की निर्वासित सरकार के पूर्व नेता लोबसांग सांगे ने दावा किया है कि शी जिनपिंग को कम से कम दो बार, और शायद तीन बार दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ा है। सांगे ने कहा कि उन्हें यह जानकारी चीन के एक वरिष्ठ पूर्व अधिकारी ने दी थी, जिनसे उनकी एक घंटे से ज्यादा चली बातचीत के दौरान मुलाकात हुई थी। यह दावा 3 सितंबर को स्मिता प्रकाश के साथ ANI पॉडकास्ट के दौरान किया गया। सांगे ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पर शी की पकड़, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटाए जाने और चीन के बढ़ते उत्तराधिकार संकट के बारे में भी बात की। हालांकि, उपलब्ध रिपोर्टों में ऐसा कोई स्वतंत्र सबूत नहीं है जिससे पुष्टि हो सके कि शी को दिल का दौरा पड़ा है। यह फ़र्क समझना जरूरी है क्योंकि सांगे की बातें किसी पक्की मेडिकल रिपोर्ट के बजाय एक अज्ञात सूत्र पर आधारित आरोप हैं। चाइना डेमोक्रेसी पार्टी (CDP) के चेयरमैन वानजुन शी ने भी एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि 30 अगस्त को शी जिनपिंग एक स्पेशल प्लेन से बिश्केक पहुंचे। प्लेन से उतरते समय शी जिनपिंग काफ़ी सूजे हुए और पीले नजर आ रहे थे; उनके चलने-फिरने में लड़खड़ाहट थी और साफ़ तौर पर उनमें शारीरिक फुर्ती की कमी दिख रही थी। प्लेन की सीढ़ियों से उतरने में उन्हें काफ़ी मुश्किल हो रही थी और उन्हें अपनी पत्नी पेंग लियुआन के सहारे की जरूरत पड़ी। ऐसा लगता है कि शी जिनपिंग की सेहत वाकई बिगड़ रही है।

# खेल समाचार

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल में साउथ जोन के लिए खेलेंगे पडिक्कल और सिराज

नई दिल्ली। भारत के इंटरनेशनल खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल और मोहम्मद सिराज दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले मे साउथ जोन की तरफ से खेलेंगे। खिताबी मुकाबले में साउथ जोन की भिड़ंत ईस्ट जोन से 6 सितंबर से होनी है। ये दोनों खिलाड़ी हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेले थे, जिसे भारत ने 1-0 से अपने नाम किया था।

इस सीरीज में पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा था और उन्होंने 2 टेस्ट मैचों में 328 रन बनाए थे। पडिक्कल के बल्ले से दोनों ही मुकाबलों में शतकीय पारी निकली थी और वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे थे। सिराज का प्रदर्शन भी श्रीलंका के खिलाफ बढ़िया रहा था और उन्होंने कुल 4 विकेट अपने नाम किए थे। हालांकि, इन दोनों को फाइनल के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन यह साफ नहीं है कि इन्होंने टीम में किसकी जगह ली है। 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के अनुसार, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा नियमित रूप से भारत की टी20 टीम का हिस्सा हैं।

इसके बावजूद, उनके दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेलने की संभावना है। पडिक्कल और सिराज को फाइनल मुकाबले के लिए साउथ जोन के स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

## एशियन गेम्स से पहले भारतीय शूटर्स लेंगे अंतिम तैयारी कैंप में हिस्सा, एनआरएआई ने की शेड्यूल की घोषणा



नई दिल्ली। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने शुक्रवार को एशियन गेम्स 2026 से पहले खिलाड़ियों की तैयारियों को मजबूत करने के लिए अंतिम प्रशिक्षण शिविरों (कैंप) का कार्यक्रम जारी किया है। यह हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम चुने हुए एथलीटों की स्किल्स को बेहतर बनाने और 19 सितंबर से शुरू हो रहे एशियन गेम्स 2026 के लिए रवाना होने से पहले सभी शूटिंग इवेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया है। तैयारी कैंप भोपाल की एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी और नई दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग रेंज में लगाए जाएंगे। इन कैंपों में खिलाड़ियों को उनके इवेंट के अनुसार देश की बेहतरीन ट्रेनिंग और सुविधाएं मिलेंगी, ताकि वे एशियन गेम्स से पहले पूरी तरह तैयार हो सकें।

कैंप का शेड्यूल और जगह :-

राइफल और पिस्टलः 5 से 14 सितंबर, भोपाल

शॉटगन (स्कीट): 4 से 14 सितंबर, नई दिल्ली

शॉटगन (ट्रैप): 10 से 18 सितंबर, नई दिल्ली

एनआरएआई के सेक्रेटरी जनरल पवन कुमार ने कहा, "भोपाल और नई दिल्ली में एक साथ इन कैंपों का आयोजन यह सुनिश्चित करता है कि हमारे एथलीट अपने-अपने इवेंट्स के हिसाब से सबसे अच्छे माहौल में ट्रेनिंग कर सकें।"

## जैवलिन में अजीत सिंह यादव और क्रिकेट में फिरोज पालिया ने देश का नाम रोशन किया



भारत में जिस खेल ने पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है और दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है, उसमें जैवलिन शीर्ष पर है। नीरज चोपड़ा ने देश के शीर्ष जैवलिन एथलीट हैं और उन्होंने 2 ओलंपिक पदक जीत देश का नाम रोशन किया है। पैराएथलेटिक्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जैवलिन में देश का नाम रोशन किया है। इसमें सबसे चमकदार नाम अजीत सिंह यादव का है। अजीत सिंह यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में 5 सितंबर 1993 को हुआ था। 2017 में हुई एक ट्रेन दुर्घटना में अपने दोस्त अंशुमन सिंह की जान बचाने की कोशिश में अजीत ने अपना बायां हाथ खो दिया। बाएं हाथ की कोहनी के नीचे का हिस्सा कट गया। इस हादसे ने उनके जीवन को बदल दिया। निराश होकर बैठने की जगह अजीत ने अपनी कमजोरी को ताकत बनाया और जैवलिन खेल में अपनी प्रतिभा को निखारा। दृढ़ संकल्प और कठिन मेहनत के बल पर जैवलिन में उन्होंने देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया। अजीत ने 2024 में पेरिस में आयोजित पैरालंपिक खेलों में एफ46 श्रेणी में जैवलिन थ्रो में 65.62 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक जीता। 2022 में एशियन पैरा गेम्स में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। विश्व पैरा चैंपियनशिप 2024 में कांस्य, 2023 में स्वर्ण, 2019 में कांस्य जीता। 2019 में बीजिंग में आयोजित विश्व पैरा ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्ण और 2021 में दुबई में आयोजित विश्व पैरा ग्रैंड प्रिक्स में उन्होंने स्वर्ण जीता था। सभी इवेंट में उन्होंने एफ46 केटेगरी में हिस्सा लिया था। अजीत सिंह यादव को भारत सरकार ने 2025 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया था। भारत में क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेल है। करोड़ों युवा भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलना चाहते हैं।

# महिला टी20 एशिया कप में आज होगी भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत, कब-कहां और कैसे देखें लाइव मुकाबला



दुबई में खेले जा रहे महिला टी20 एशिया कप 2026 का 9वां मुकाबला भारत और पाकिस्तान की टीम के बीच में खेला जाएगा। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले का इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री से कर रहे हैं। टीम इंडिया का हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में अभी तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने दो मुकाबले ग्रुप स्टेज में खेले हैं और दोनों को ही एकतरफा अपने नाम करने में कामयाब रही हैं, जिसके दम पर टीम इंडिया पहले ही सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह पक्की कर चुकी है। वहीं पाकिस्तानी महिला टीम को लेकर बात की जाए तो उन्होंने अब तक एक मैच खेला है जो थाईलैंड महिला टीम के खिलाफ था जिसको वह 35 रनों से जीतने में कामयाब रही थी। अब इस मैच को लेकर सभी की नजरें हैं, जिसमें यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा जिसमें इसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम के बीच में होने वाले इस मैच को लेकर बात की जाए तो 5 सितंबर को भारतीय समयानुसार मुकाबले की शुरुआत रात 8 बजे से होगी। वहीं टॉस भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर होगा। भारत में मैच का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के सोनी टेन-1 और सोनी टेन-3 चैनल पर किया जाएगा। वहीं इसके अलावा डीडी फ्रीडिश के जरिए डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर भी टीवी पर मुकाबले का सीधा प्रसारण देखा जा सकता है। भारत और पाकिस्तान की महिला टीम के बीच होने वाले मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर की जाएगी जहां पर फैंस आसानी से लॉगिन कर इस मैच का आनंद ले सकते हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 एशिया कप में अब तक दबदबा साफतौर पर देखने को मिला है, जिसमें दोनों टीमों के बीच में टूर्नामेंट के इतिहास में कुल 7 मैच खेले गए हैं, जिसमें से टीम इंडिया 6 को जीतने में कामयाब रही है जबकि पाकिस्तानी टीम सिर्फ एकबार साल 2022 में भारतीय टीम को मात दे पाई है। वहीं टी20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों के बीच में अब तक 17 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 14 मुकाबलों में जीत हासिल की है तो वहीं पाकिस्तानी टीम सिर्फ 3 मैच ही जीत सकी है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम की नजर लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के साथ ग्रुप चरण में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखने पर होगी। सेमीफाइनल में जगह पक्की होने के बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होने के कारण टीम प्रबंधन इसे हल्के में नहीं लेना चाहेगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम की कोशिश शुरुआती ओवरों से ही दबाव बनाने की होगी। भारत की बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। टीम को तेज शुरुआत दिलाने के साथ-साथ बीच के ओवरों में रन गति बनाए रखना जरूरी होगा। पाकिस्तान की गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक और आक्रामक रवैया मुकाबले की दिशा तय कर सकता है। गेंदबाजी में भारतीय टीम के स्पिन विभाग पर भी नजर रहेगी। दुबई की परिस्थितियों में धीमी गेंदबाजों को पिच से मदद मिलने की स्थिति में भारतीय टीम इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगी। वहीं तेज गेंदबाजों से शुरुआती ओवरों में विकेट निकालने की उम्मीद होगी।

## मानव सुथार ने अब इंग्लैंड में बरपाया कहर, 7 विकेट लेकर टीम को दिलाई बड़ी जीत



वॉरिकशायर ने काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैम्पशायर को सिर्फ तीन दिनों के भीतर ही एक पारी और 129 रनों से हरा दिया। पहली पारी में 115 रन पर ढेर होने के बाद हैम्पशायर की टीम दूसरी पारी में भी वापसी नहीं कर पाई और सिर्फ 154 रनों पर सिमट गई। इस जीत के मुख्य हीरो भारतीय स्पिनर मानव सुथार रहे। उन्होंने मैच की दोनों पारियों को मिलाकर 7 विकेट हासिल किए और विपक्षी टीम की बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी। इस बड़ी जीत के साथ ही वॉरिकशायर ने खुद को खिताब जीतने की रेस में बनाए रखा है। सुथार ने इससे पहले भारत के लिए श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी की थी। इस जीत से वॉरिकशायर को 22 अंक मिले हैं, जिससे वे नॉटिंघमशायर को पीछे छोड़कर अंक तालिका में सीधे दूसरे नंबर पर आ गए हैं और अब सोमरसेट के साथ ट्रॉफी जीतने की रेस में बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर, खराब बल्लेबाजी के कारण हैम्पशायर की टीम सिर्फ 32 अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर खिसक गई है। वे टॉप टीमों से काफी पीछे हो चुके हैं और अगले हफ्ते होने वाले मैच के बाद उनके डिविजन 2 में बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। मैच के दूसरे दिन ही 23 ओवरों के अंदर 6 बल्लेबाजों को आउट करके वॉरिकशायर ने हैम्पशायर पर शिकंजा कस लिया था और उनकी पारी से जीत लगभग तय लग रही थी। तीसरे दिन खेल देर से शुरू होने के बावजूद, हैम्पशायर की टीम ज्यादा देर टिक नहीं सकी और महज एक घंटे के भीतर ही अपने बचे हुए 4 विकेट भी गंवा बैठी। वॉरिकशायर के गेंदबाजों ने पहली पारी में मिलकर शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें स्पिनर मानव सुथार ने 3 विकेट चटकाए थे। इसके बाद सुथार ने पिच से मिल रही टर्न और मदद का पूरा फायदा उठाते हुए दूसरी पारी में भी 4 विकेट झटके और विपक्षी टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। मानव सुथार ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में सलामी बल्लेबाज निक गब्बिंस, एडी जैक और जेम्स फुलर को आउट किया था। इस टूर्नामेंट में हैम्पशायर की खराब बल्लेबाजी का दौर जारी रहा और यह लगातार चौथा मैच था जब उनकी पूरी टीम पहली पारी में 200 रन भी नहीं बना सकी।

## वनडे और टी20 सीरीज के लिए हुआ इंग्लैंड की टीम का ऐलान, दो नए खिलाड़ियो को मिला मौका



श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 और वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की मेंस क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। दोनों ही सीरीजों के लिए 16-16 खिलाड़ियों को चुना गया है। इस बार टीम में दो नए चेहरों को मौका दिया गया है। सलामी बल्लेबाज अनेरिन डोनाल्ड को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। वहीं गेंदबाज हेनरी क्रोकॉम्ब को वनडे टीम में जगह मिली है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अभी तक एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। चोट से उबरने के बाद जेमी ओवरटन की दोनों टीमों में वापसी हुई है, जो जांघ में खिंचाव की वजह से भारत के खिलाफ सीरीज नहीं खेल सके थे। दूसरी ओर फिल सॉल्ट जांघ की चोट के कारण इस सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। वहीं जैकब बेथेल के घुटने की चोट का इस हफ्ते की शुरुआत में सफल ऑपरेशन हुआ है, इसलिए वे भी श्रीलंका सीरीज से बाहर रहेंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर सैम करन भी इंजरी की वजह से इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। क्रोकॉम्ब ने ससेक्स टीम के लिए खेलते हुए लगातार दो मैचों में हैट्रिक ली है। इसी वजह से जून में उन्हें बैकअप खिलाड़ी के रूप में इंग्लैंड की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था। हालांकि उनके पास लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट खेलने का कम अनुभव है। इंग्लैंड के सिलेक्टर मार्कस नॉर्थ का कहना है कि वे पूरे सीजन उन पर नजर बनाए हुए थे। वह अगले सीजन से तीन साल के करार के साथ सरे टीम से जुड़ेंगे। नॉर्थ ने कहा कि अनेरिन डोनाल्ड और हेनरी क्रोकॉम्ब दो बेहतरीन उभरते खिलाड़ी हैं, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह बनाई है। इंग्लैंड की वनडे टीम में कुछ नए बदलाव किए गए हैं। जुलाई में भारत को 2-1 से हराने वाली टीम में अब क्रोकॉम्ब, ओवरटन, जॉनी बेकर और जॉर्डन कॉक्स की एंट्री हुई है, जबकि ब्रायडन कार्स, जेम्स कोल्स, साकिब महमूद, बैटहेल और सैम करन को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

## T20Is में कैसा है भारत और पाकिस्तान महिला टीम का हेड टू हेड रिकॉर्ड

भारतीय और पाकिस्तानी महिला टीमों के बीच जब भी क्रिकेट मैच होता है, तो फैंस का उत्साह देखते ही बनता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान का खेल थोड़ा कमजोर हुआ है, जिसकी वजह से अब इन दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को नहीं मिलती है। अगर आंकड़ों और प्रदर्शन की बात करें तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम हमेशा से पाकिस्तान पर हावी रही है और हर बड़े मौके पर खुद को बेहतर साबित किया है। महिला एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले हम आपको ये बताएंगे कि T20I में दोनों टीमों का हेड टू हेड रिकॉर्ड कैसा है। वुमेंस टी20 क्रिकेट के रिकॉर्ड की बात करें तो भारत का पलड़ा हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 17 मैच खेले गए हैं, जिनमें से भारत ने 14 बार जीत दर्ज की है। जबकि पाकिस्तान को सिर्फ 3 मैचों में सफलता मिली है। पाकिस्तान ने आखिरी बार भारत को 2022 में हराया था। ये जीत पाकिस्तान को एशिया कप के दौरान ही मिली थी। लेकिन उसके बाद से हुए चारों मैचों में भारतीय टीम ने ही बाजी मारी है। जारी वुमेंस एशिया कप में भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत थाईलैंड को आसानी से हराकर की।

## WT20I में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की गेंदबाज श्री चरनी साल 2026 में अब तक शानदार फॉर्म में नजर आई हैं। हांगकांग के खिलाफ महिला एशिया कप के मैच में उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए। वह वुमेंस T20I में इस साल 31 विकेट हासिल कर चुकी हैं। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाली भारत की दूसरी महिला गेंदबाज बन गई हैं। इस मामले में उन्होंने दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय महिला क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने का रिकॉर्ड फिलहाल स्पिनर पूनम यादव के नाम है। उन्होंने 2018 में 35 विकेट हासिल किए थे। हालांकि, इस साल श्री चरनी उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बेहद करीब पहुंच गई हैं। अगर वे इस साल 5 विकेट और चटका लेती हैं, तो वह एक साल में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाली भारतीय महिला गेंदबाज बन जाएंगी। वहीं इस मामले में तीसरे नंबर पर दीप्ति शर्मा हैं, जिन्होंने 2024 में कुल 30 विकेट चटकाए थे। महिला एशिया कप 2026 के सातवें मैच में भारतीय महिला टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए हांगकांग को 137 रन के बड़े अंतर से हरा दिया।

## चाइना मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में नहीं चला किदांबी श्रीकांत का जादू, सीधे सेटों में हांगकांग के खिलाड़ी ने हराया



भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का चीन मास्टर्स टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया है। शुक्रवार 4 सितंबर को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में उन्हें हांगकांग के खिलाड़ी ली चेक यियू ने सीधे सेटों में 21-16, 21-16 से हरा दिया। दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी रहे 33 साल के श्रीकांत इस मुकाबले में कोई खास कमाल नहीं दिखा सके और महज 39 मिनट में ही मैच हार गए। उन्होंने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी ओपन में शानदार खेल दिखाकर फाइनल तक का सफर तय किया था और लगा था कि वह अपनी पुरानी फॉर्म में वापस लौट रहे हैं, लेकिन इस मैच में वह ली चेक की चुनौती को पार नहीं कर पाए। इससे पहले श्रीकांत ने विक्टर लाई को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। अब सेमीफाइनल मुकाबले में ली चेक का सामना फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा। बता दें कि किदांबी श्रीकांत ने इससे पिछले मैच में काफी शानदार खेल दिखाया था और कनाडा के दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई को सीधे सेटों में 21-18, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। लेकिन ली चेक के खिलाफ मैच में वे वह लय कायम नहीं रख सके। पहले गेम के बीच में जैसे ही उनके हाथ से बढ़त निकली, मैच में वापसी करना उनके लिए मुश्किल हो गया और वे पूरे मुकाबले के दौरान जूझते ही नजर आए। मैच की शुरुआत में श्रीकांत ने काफी तेजी दिखाई और लगातार 3 पॉइंट लेकर 3-0 की बढ़त बना ली। हालांकि ली चेक ने भी तुरंत वापसी की और लगातार 3 पॉइंट हासिल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इसके बाद हांगकांग के खिलाड़ी ने एकतरफा खेल दिखाते हुए लगातार 6 पॉइंट बनाए और स्कोर को 14-6 पर पहुंचा दिया। हालांकि श्रीकांत ने बाद में वापसी करने की पूरी कोशिश की, लेकिन शुरुआती अंतर इतना बड़ा हो गया था कि उसे पाना आसान नहीं था। ली चेक ने संयम बनाए रखा और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।

# रात में जंक फूड खाने से क्यों बचना चाहिए? डॉक्टर ने बताए सेहत पर होने वाले नुकसान और हेल्दी विकल्प



आजकल देर रात तक जागने के दौरान जंक फूड खाना लोगों की आम आदत बन गई है। लेकिन, रात में इन फूड्स को खाने से सेहत पर कई तरह के नकारात्मक असर पड़ सकते हैं। इससे पाचन खराब होने से लेकर नींद और वजन पर भी असर पड़ सकता है। डर्मफॉलिक्स हेयर ट्रांसप्लांट एंड स्किन क्लिनिक की फाउंडर, एमबीबीएस, एमडी, डर्मेटोलॉजिस्ट आंचल पंथ बता रही हैं कि आखिर रात में जंक फूड खाने से क्यों बचना चाहिए और इसकी जगह क्या खाना बेहतर है? आइए जानते हैं डॉक्टर की सलाह। देर रात जंक फूड खाने का मतलब है कि आप ज़रूरत से ज़्यादा कैलोरी ले रहे हैं। दरअसल, पैकेज वाले फूड्स में नमक, चीनी और अनहेल्दी फैट की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है। ऐसे में देर रात टीवी देखते या फोन चलाते समय बिना सोचे-समझे स्नैक्स खाने से खाने की मात्रा पर कंट्रोल करना मुश्किल हो सकता है। इस वजह से शरीर में फैट स्टोरेज बढ़ने लगता है और मोटापे की समस्या बढ़ सकती है। सोने से ठीक पहले भारी या जंक फ़ूड का सेवन करने से नींद खराब हो सकती है या कुछ लोगों में एसिडिटी/रिफ्लक्स की समस्या बढ़ सकती है। बार-बार ज़्यादा चीनी वाला और बहुत ज़्यादा प्रोसेस्ड खाना खाने से ब्लड शुगर की परेशानी बढ़ सकती है और मेटाबोलिक हेल्थ बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। दरअसल, आपका शरीर एक 'सर्कैडियन रिदम' के हिसाब से काम करता है। ऐसे में बहुत देर से खाना, मेटाबॉलिज्म को स्लो कर देता है। अगर आपको रात में सच में भूख लगी है, तो भूखे न रहें। कुछ हल्का और प्रोटीन और फाइबर से भरपूर चीजें खाएं जैसे- दही, दूध, अंडे, नट्स के साथ फल, या घर का बना कोई साधारण स्नैक। इन चीजों का सेवन आपकी नींद, पाचन और ओवरऑल हेल्थ के लिए यह बेहतर होगा। साथ ही रात को जल्दी सोएं। रात को अगर आप लेट में सोएंगे तो इस वजह से देर रात भूख लगना नार्मल है इसलिए ज़रूरी है कि आप सोने का समय भी ठीक करें। देर रात भूख लगने पर खाने के विकल्प का चुनाव भी महत्वपूर्ण है। यदि भूख तेज है तो बहुत कम खाने के बजाय संतुलित मात्रा में हल्का भोजन लेना बेहतर हो सकता है। देर रात तक जागने की आदत के कारण व्यक्ति को बार-बार कुछ खाने की इच्छा हो सकती है।

# मेटाबॉलिक हेल्थ को कैसे बेहतर बनाया जाए, फिटनेस कोच ने बताए आसान टिप्स

शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखना है तो मेटाबॉलिक हेल्थ को बेहतर बनाना जरूरी है। कई बार आप बाहर से खुद को फिट महसूस करते हैं लेकिन अंदर आपकी मेटाबॉलिक हेल्थ खराब हो रही होती है। इससे आपके हार्मोन्स पर बुरा असर पड़ सकता है। योग, न्यूट्रिशियन और फिटनेस कोच नटराज ने चयापचन यानि मेटाबॉलिज्म को तेज करने के आसान टिप्स बताए हैं। जिसमें मसल्स, एक्टिविटी, पोषण, नींद और तनाव पर फोकस किया गया है। इससे आपकी मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार आएगा और शरीर अंदर-बाहर से स्वस्थ रहेगा। मेटाबॉलिक हेल्थ को आसान भाषा में समझें तो शरीर के अंदर की जरूरी प्रक्रियाएं हैं जो ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और वजन को संतुलित रखती हैं। यानि शरीर के अंदर का सिस्टम कितना संतुलित और स्वस्थ है, यही मेटाबॉलिक हेल्थ है।

मांसपेशियों को मजबूत बनाएं- सप्ताह में आपको 3-4 बार स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करनी चाहिए। इससे आप मेटाबॉलिक हेल्थ को मजबूत बना सकते हैं। मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार उम्र बढ़ने के खिलाफ आपका सबसे बड़ा हथियार है। इससे आप खुद को कहीं ज्यादा मजबूत और ताकतवर महसूस करते हैं।

प्रोटीन खाएं- आपको खाने में प्रोटीन जरूर शामिल करना चाहिए। हर मील में कुछ हिस्सा प्रोटीन का जरूर होना चाहिए। आपके खाने में प्रति मील 25-30 ग्राम प्रोटीन होना चाहिए। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलती है।

नियमित रूप से टहलें- मेटाबॉलिक हेल्थ में सुधार के लिए रोजाना और हर खाने के बाद कुछ देर जरूर टहलें। इसके साथ ही हर बार खाने के बाद 10 मिनट टहलें।

# एवोकाडो को क्यों कहा जाता है न्यूट्रिशन का पावरहाउस, डॉक्टर ने बताए इसके कमाल के फायदे



आजकल फिटनेस फ्रीक लोग अपनी डाइट में एवोकाडो को शामिल कर रहे हैं। अपनी क्रीमी बनावट और बेहतरीन स्वाद की वजह से इसे नाश्ते से लेकर सलाद तक में खूब पसंद किया जा रहा है। इस फल को 'न्यूट्रिशन का पावरहाउस कहा जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस फल को 'न्यूट्रिशन का पावरहाउस' या 'सुपरफूड' क्यों कहा जाता है? जाने-माने हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर शुभम वत्स के अनुसार, यह फल सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं है, बल्कि पोषक तत्वों का ऐसा खजाना है जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है और कई बीमारियों से बचाता है। डॉक्टर शुभम वत्स बताते हैं कि एवोकाडो किसी भी सामान्य फल से बिल्कुल अलग है। जहां ज्यादातर फलों में कार्बोहाइड्रेट या नेचुरल शुगर की मात्रा अधिक होती है, वहीं एवोकाडो 'हेल्दी फैट्स' का सबसे बेहतरीन स्रोत है। इसमें लगभग 20 अलग-अलग तरह के विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। इनमें मुख्य रूप से विटामिन K, विटामिन E, विटामिन C, फोलेट और भरपूर फाइबर होता है। इसके अलावा एवोकाडो पोटेशियम का भी बेहतरीन सोर्स है। डॉ. वत्स के अनुसार, एवोकाडो में ओलिक एसिड नामक मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होता है। यह तत्व शरीर में सूजन को कम करता है और 'बैड कोलेस्ट्रॉल' को घटाकर 'गुड कोलेस्ट्रॉल' को बढ़ाता है। इसके नियमित सेवन से हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। अक्सर लोग सोचते हैं कि फैट होने के कारण एवोकाडो वजन बढ़ाएगा, लेकिन डॉ. शुभम इसके विपरीत बताते हैं। इसमें उच्च मात्रा में घुलनशील और अघुलनशील फाइबर होता है। इसे खाने के बाद लंबे समय तक आपका पेट भरा रहता है, जिससे आप ओवरईटिंग से बचते हैं और वजन आसानी से कंट्रोल होता है। इस सुपरफूड में ल्यूटिनऔर ज़ेक्सैन्थिन जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। डॉ. वत्स बताते हैं कि ये तत्व मोतियाबिंद और बढ़ती उम्र से जुड़ी आंखों की बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम कर देते हैं। एवोकाडो में मौजूद पोषक तत्व त्वचा और बालों के लिए भी उपयोगी माने जाते हैं। इसमें विटामिन ई और अन्य एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में भूमिका निभाते हैं।

# रूखे-बेजान बालों में जान फूंकने के 5 आसान हेयर वॉश हैक्स बिना महंगे प्रोडक्ट्स के मिलेंगे रेशमी बाल



बालों की खूबसूरती केवल महंगे ब्रांडेड प्रोडक्ट्स या पार्लर के महंगे ट्रीटमेंट पर निर्भर नहीं करती। अक्सर हमारी रोज़मर्रा की छोटी-छोटी गलतियां बालों की कुदरती नमी छीन लेती हैं। यदि आपके बाल भी धोने के बाद उलझे रूखे और बेजान दिखने लगते हैं तो अपनी हेयर वॉश तकनीक में ये बदलाव करके देखें।

सही तकनीक से करें शैंपू का इस्तेमाल शैंपू का मुख्य उद्देश्य स्कैल्प यानी सिर की त्वचा को साफ करना है। इसे पूरे बालों की लंबाई में रगड़ने के बजाय सिर्फ जड़ों में लगाएं और उंगलियों के पोरों से हल्की मसाज करें। धोते समय बहता हुआ पानी बाकी बालों को अपने आप साफ कर देता है।

बालों की लंबाई को जोर से रगड़ने से वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं। कई लोग सोचते हैं कि दो बार शैंपू करने से बाल ज्यादा साफ होंगे लेकिन रोजाना या हर बार ऐसा करने से स्कैल्प का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है। अगर सिर बहुत ज्यादा ऑयली या गंदा न हो तो एक बार का शैंपू ही काफी होता है। गीले बाल सबसे ज्यादा नाजुक होते हैं और जल्दी टूटते हैं। इसलिए बाल धोने से ठीक पहले चौड़े दांतों वाली कंघी से बालों को सुलझा लें। इससे शैंपू करते समय बाल कम उलझेंगे और हेयर फॉल की समस्या में कमी आएगी। कंडीशनर का काम बालों को पोषण और नमी देना है, न कि स्कैल्प को। कंडीशनर को हमेशा कानों के निचले हिस्से से शुरू करते हुए बालों के सिरों एंड्स तक लगाएं। जड़ों में कंडीशनर लगाने से स्कैल्प चिपचिपी हो जाती है और बाल तेजी से गंदे होने लगते हैं। बहुत अधिक गर्म पानी से बाल धोने पर उनका प्राकृतिक मॉइस्चर छिन जाता है जिससे स्कैल्प ड्राई हो जाती है। बालों की चमक बनाए रखने के लिए हमेशा सामान्य ताजे पानी या फिर हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। बाल धोने के बाद उन्हें तौलिए से तेजी से रगड़कर सुखाने के बजाय कॉटन टी-शर्ट या माइक्रोफाइबर टॉवल से हल्के हाथों से थपथपाकर डाब करके सुखाएं। इससे बालों का फ्रिज़ तुरंत कम होता है और बाल मुलायम बने रहते हैं। बाल धोने की आवृत्ति भी आपके स्कैल्प और बालों की प्रकृति पर निर्भर करती है।

# आज का 40 क्यों बनता है जा रहा है न्यू 60, क्यों 20 साल पहले ही होने लगी हैं ये बीमारी

भारत में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। जो बीमारियां शरीर में 60 की उम्र में लगती थीं वो अब 40 की उम्र में ही होने लगी हैं। इसलिए आज के 40 को न्यू 60 नाम दिया जाने लगा है। कम उम्र में तेजी से बढ़ने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में इंसुलिन प्रतिरोध, टाइप 2 डायबिटीज, फैटी लिवर रोग, मोटापा और हार्ट की बीमारियां चिंता का विषय बनती जा रही हैं। शारदा हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ भुमेश त्यागी ने बताया कि शरीर का वजन बढ़ना ही समस्या नहीं है बल्कि शरीर के अंदर होने वाली मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं भी अहम है। पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में उम्र में डायबिटीज, हार्ट की बीमारी, इंसुलिन प्रतिरोध बढ़ना, फैटी लिवर और मोटापे जैसी समस्याएं हो रही हैं। कई बार आप पतले दिख सकते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि आपके शरीर में सब कुछ ठीक है। कई बार कम वजन में भी समस्या विकसित हो सकती हैं। आपका बीएमआई नॉर्मल हो सकता है लेकिन फिर भी आपका चयापचय किसी मोटे व्यक्ति जैसा हो सकता है। यही वजह है कि वजन या बीएमआई को देखकर किसी व्यक्ति के चयापचय हेल्दी होने का पता नहीं लगाया जा सकता है। डायबिटीज- भारत में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। इंसुलिन प्रतिरोध प्रीडायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज में बदल सकता है। भारतीयों में 30 और 40 साल की उम्र के लोगों में अब ये दिखाई देने लगा है। दुबला-पतला शरीर होने के बाद भी लोग इसका शिकार हो रहे हैं।

# अडानी पोर्ट्स का बड़ा कदम: मुंद्रा पोर्ट पर शुरू होगा डेडिकेटेड एम्प्टी कंटेनर यार्ड

भारत के समुद्री कारोबार और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (APSEZ) ने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी अब गुजरात के मुंद्रा पोर्ट और SEZ में डेडिकेटेड एम्प्टी कंटेनर यार्ड (ECY) शुरू करने जा रही है। इस नई सुविधा का मकसद खाली कंटेनरों को संभालने की पूरी प्रक्रिया को आसान और तेज बनाना है। इससे एक्सपोर्टर्स, इंपोर्टर्स, शिपिंग कंपनियों और लॉजिस्टिक्स से जुड़े कारोबारियों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। APSEZ के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी के पास भारत के कंटेनर बाजार की करीब 45.5 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, अकेला मुंद्रा पोर्ट देश के कुल कंटेनर कारोबार का लगभग 35 फीसदी संभालता है। यही वजह है कि मुंद्रा पोर्ट को भारत का सबसे बड़ा कंटेनर-हैंडलिंग पोर्ट माना जाता है। मुंद्रा में हर साल करीब 16 लाख TEUs खाली कंटेनरों को संभालने का अनुमान है। ऐसे में डेडिकेटेड एम्प्टी कंटेनर यार्ड शुरू होने से इस बड़े नेटवर्क को ज्यादा व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। नए एम्प्टी कंटेनर यार्ड में खाली कंटेनरों के लिए कई सुविधाएं एक साथ उपलब्ध होंगी। यहां कंटेनरों की स्टोरेज, मेंटेनेंस और इंस्पेक्शन जैसी सेवाएं मिलेंगी।

# NSE के IPO को SEBI ने दी हरी झंडी, जल्द शेयर बाजार में होगी देश के सबसे बड़े एक्सचेंज की एंट्री

भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में एक बड़ा पड़ाव आने वाला है। देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के IPO को बाजार नियामक SEBI ने हरी झंडी दे दी है। SEBI ने 4 सितंबर को NSE को अपना ऑब्जर्वेशन लेटर जारी कर दिया। इसके साथ ही NSE के लंबे समय से इंतजार किए जा रहे शेयर बाजार में लिस्ट होने का रास्ता काफी हद तक साफ हो गया है। अब निवेशकों की नजर IPO की तारीख, प्राइस बैंड और लिस्टिंग पर टिकी है। NSE ने 17 जून 2026 को SEBI के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया था। इससे पहले भी NSE की लिस्टिंग की प्लानिंग बनी थी, लेकिन नियामकीय कारणों से करीब एक दशक पहले यह प्रक्रिया रुक गई थी। अब SEBI से ऑब्जर्वेशन लेटर मिलने के बाद IPO प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मार्केट सूत्रों के मुताबिक, NSE इस महीने के अंत तक IPO लाने और BSE पर अपने शेयरों को लिस्ट कराने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। हालांकि, अभी तारीखों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बाजार में चर्चा है कि RHP फाइलिंग जल्द हो सकती है, जबकि प्राइस बैंड और IPO खुलने की तारीख को लेकर मर्चेंट बैंकरों के साथ बातचीत चल रही है। 25 सितंबर के आसपास लिस्टिंग की संभावना भी जताई जा रही है। NSE का IPO पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (OFS) होगा। यानी इसमें NSE नए शेयर जारी नहीं करेगा, बल्कि मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचेंगे।

# Reliance और Tata Steel के शेयरों में आई अचानक तेजी, सेंसेक्स 362 अंक चढ़कर हुआ बंद

भारतीय शेयर बाजार में 4 सितंबर को एक बार फिर हरियाली लौट आई। मेटल, प्राइवेट बैंकिंग और ऑयल एंड गैस सेक्टर के दिग्गजों में आई अचानक खरीदारी के दम पर सेंसेक्स 360 अंकों से ज्यादा उछलकर बंद हुआ। हालांकि दिन भर चले उतार-चढ़ाव के बीच निफ्टी 50 भी हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहा, लेकिन यह 23,900 के स्तर से महज कुछ ही अंक नीचे रह गया। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 362.57 अंक की तेजी के साथ 76,515.43 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 24.25 अंक चढ़कर 23,897.70 के स्तर पर पहुंचा। बाजार में आज चौतरफा बढ़त का ट्रेंड रहा, जहां लगभग 2,396 शेयर हरे निशान में, 1,803 शेयर लाल निशान में और 188 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। आज के पूरे कारोबारी सत्र के दौरान मेटल और हैवीवेट शेयरों ने बाजार को संभालने का काम किया। BSE हीटमैप के अनुसार, टाटा स्टील का शेयर +2.91% की जबरदस्त तेजी के साथ 189.00 पर बंद हुआ। वहीं दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में +1.61% का उछाल देखा गया और यह 1,322.00 के स्तर पर पहुंच गया।

# Volkswagen ने किया अब तक की सबसे बड़ी छंटनी का ऐलान



दुनिया की दिग्गज कार कंपनियों में से एक वोक्सवैगन (Volkswagen) ने ऐसा फैसला लिया है, जिसने पूरी ऑटो इंडस्ट्री को हिला दिया है। कंपनी ने इस दशक के अंत तक करीब 1 लाख नौकरियां कम करने की प्लानिंग की है। वोक्सवैगन के इतिहास में यह सबसे बड़ा बदलाव है और दुनिया भर की ऑटो इंडस्ट्री में इसे अब तक की सबसे बड़ी छंटनी बताया जा रहा है।

कंपनी का कहना है कि मौजूदा आर्थिक हालात के हिसाब से कर्मचारियों की संख्या को व्यवस्थित करना जरूरी है। वोक्सवैगन ने बताया कि कंपनी करीब 50,000 और नौकरियों में कटौती करेगी। इसके अलावा करीब 50,000 नौकरियों में कमी का फैसला पहले ही हो चुका है। इस तरह कुल मिलाकर इस दशक के अंत तक लगभग 1,00,000 नौकरियां कम हो सकती हैं। यह संख्या वोक्सवैगन के दुनियाभर के कर्मचारियों की करीब 15 फीसदी है। इस फैसले का असर कंपनी के अलग-अलग ब्रांड और ऑपरेशंस पर पड़ सकता है। वोक्सवैगन ग्रुप में वोक्सवैगन के अलावा ऑडी और पोर्श जैसे बड़े ब्रांड भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ, इलेक्ट्रिक कारों की अस्थिर मांग और खास तौर पर चीन में बढ़ते कॉम्पिटिशन ने कंपनी पर दबाव बढ़ाया है।

# कम आय वाले लोगों के लिए खुशखबरी! ग्रेटर नोएडा में बनेंगे सस्ते बहुमंजिला फ्लैट

दिल्ली-एनसीआर में खुद का घर खरीदने का सपना देखने वाले कम आय वाले परिवारों के लिए अच्छी खबर है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) और कम आय वाले लोगों के लिए ग्रेटर नोएडा में किफायती बहुमंजिला फ्लैट बनाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड ने इन आवासीय परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बाहर से रोजगार की तलाश में आने वाले श्रमिकों के लिए अस्थायी आवास बनाने की प्लानिंग को भी हरी झंडी मिल गई है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाड़ी गांव में करीब 44,750 वर्गमीटर और ईस्ट क्षेत्र के बिरौंदी गांव के पास करीब 18 हजार वर्गमीटर जमीन चिह्नित की गई है। इन दोनों जगहों पर करीब 30 से 40 वर्गमीटर आकार के किफायती फ्लैट बनाए जाएंगे। प्रस्तावित परियोजनाओं में करीब 4,000 से 5,000 फ्लैट बनाए जाने की संभावना है। सोसाइटी कितनी मंजिल की होगी, इसका विस्तृत प्लान बाद में तैयार किया जाएगा। फ्लैटों में लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा जाएगा। किफायती आवासीय सोसाइटी में रहने वाले लोगों को रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां दूध और सब्जी बूथ के साथ दैनिक जरूरतों का सामान बेचने वाली दुकानों के निर्माण का भी प्रावधान होगा। इससे कम आय वाले परिवारों को एक ही परिसर में जरूरी सुविधाएं मिल सकेंगी। ग्रेटर नोएडा एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है, जहां देश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रमिक रोजगार की तलाश में आते हैं। लंबे समय तक किराये पर रहने के बाद इनमें से कई लोग अपना घर खरीदना चाहते हैं, लेकिन प्राइवेट बिल्डरों के फ्लैट उनकी आय के मुकाबले काफी महंगे पड़ते हैं। इसी समस्या को देखते हुए किफायती आवास की योजना पर काम शुरू किया गया। बीते अप्रैल में हुए श्रमिक आंदोलन के बाद इस दिशा में प्रक्रिया तेज हुई और शासन स्तर से भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रेटर नोएडा आने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए तत्काल रहने की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इसके लिए इकोटेक-6 और इकोटेक-11 में 3,000-3,000 वर्गमीटर जमीन चिह्नित की गई है। प्राधिकरण इन भूखंडों को श्रम विभाग को निशुल्क ट्रांसफर करेगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ट्रांजिट हॉस्टल योजना के तहत श्रम विभाग यहां श्रमिक आश्रयस्थलों का निर्माण करेगा। इससे शहर में आने वाले श्रमिकों को महंगे होटल या अस्थायी ठिकानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। बहुमंजिला निर्माण के जरिए उपलब्ध जमीन का बेहतर इस्तेमाल करने का प्रयास किया जाएगा।



# केरल में दर्दनाक हादसा! हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकराई कार, 8 लोगों की हुई मौत

त्रिशूर। केरल के त्रिशूर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक दर्दनाक हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात को एक कार ने हाईवे के किनारे खड़ी लॉरी में टक्कर मार दी। इस टक्कर से कार में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि हादसे में मारे गए सभी लोग पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के रहने वाले छात्र हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दुखद सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। माना जा रहा है कि ये सभी पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के छात्र थे। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा शुक्रवार रात करीब 11:40 बजे हुआ। युवक जिस कार में सवार थे, वह पास ही कैपामंगलम के पनंबिक्कुन्नु में हाईवे पर खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। कार में सवार सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों, फायर और रेस्क्यू टीम और पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर युवकों को कार से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि उनके शवों को त्रिशूर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में ले जाया गया। हादसे का शिकार हुई गाड़ी तमिलनाडु में रजिस्टर्ड थी। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों के तमिलनाडु के छात्र होने का संदेह है। बताया जा रहा है कि कार गुरुवायूर की तरफ से कोडुंगलूर की ओर जा रही थी। ऐसा ही एक मामला कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के भिंड जिले में भी सामने आया था। यहां गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के छीमका गांव के पास मजदूरों से भरे वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मजदूर धान की रोपाई के बाद वापस लौट रहे थे, इसी दौरान नेशनल हाईवे 719 पर यह हादसा हुआ। घटना के बाद पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य



की अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में खड़ी लॉरी से कार की टक्कर को हादसे की मुख्य कड़ी माना जा रहा है, हालांकि वाहन की गति और चालक का नियंत्रण किस परिस्थिति में बिगड़ा, इसकी जांच की जा रही है। फायर और रेस्क्यू टीम को कार से शव बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए त्रिशूर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पहचान और अन्य औपचारिकताओं के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस मृतकों की पहचान की प्रक्रिया पूरी करने के लिए उनके दस्तावेजों और वाहन से मिले सामान की जांच कर रही है। परिजनों से संपर्क करने के साथ यह भी पता लगाया जा रहा है कि सभी युवक किस संस्थान में पढ़ते थे और हादसे से पहले वे कहां से आ रहे थे। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और बचाव दल ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने तथा सड़क पर यातायात सामान्य कराने की कार्रवाई की। स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव कार्य में पुलिस एवं अग्निशमन दल का सहयोग किया।

## दिल्ली में भारी बारिश से एयरपोर्ट पर भरा पानी, कई फ्लाइट लेट

दिल्ली में भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पानी भर गया है। इस वजह से कई फ्लाइट पर असर पड़ा है। इंडिगो और एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि घर से एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का शेड्यूल चेक कर लें। दिल्ली और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण दिल्ली आने वाली कई फ्लाइट्स पर असर पड़ा है। इस वजह से अहमदाबाद, मुंबई और पोर्ट ब्लेयर से आने वाली डोमेस्टिक फ्लाइट्स में देरी हो रही है। दिल्ली में शुक्रवार को अचानक काले बादल छा गए और कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने आज शाम तक तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। भारी बारिश के बाद इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पानी भर गया। एयरपोर्ट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वेटिंग एरिया और अन्य जगहों पर भी पानी भरा दिखाई दे रहा है। पूरा एयरपोर्ट तालाब बना हुआ है और यात्रियों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 'रेवंत रेड्डी को सपोर्ट करते हैं, कांग्रेस को नहीं', ओवैसी ने बांधे तारीफों के पुल, गदगद हुए सीएम

असदुद्दीन ओवैसी कांग्रेस के नेताओं को रोज पानी पी पी कर कोसते हैं, लेकिन आज उन्होंने सार्वजनिक तौर पर तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी की जमकर तारीफ की। उनके बदले सुर के बदले में रेवन्त रेड्डी ने भी ओवैसी ब्रदर्स को सबसे बड़ा देशभक्त बता दिया। असल में असदुद्दीन ओवैसी और रेवंत रेड्डी एक ही मंच पर थे और ये मौका था हैदराबाद में एक फ्लाईओवर के उद्घाटन का। मंच पर कांग्रेस के दूसरे नेता भी थे। इसी प्रोग्राम में ओवैसी ने कहा कि ये सही है कि वो कांग्रेस का विरोध करते हैं... लेकिन ये भी सही है कि वो रेवन्त रेड्डी को विजनरी लीडर मानते हैं। ओवैसी ने आगे कहा, रेवन्त रेड्डी जिस तरह से तेलंगाना के विकास के लिए काम कर रहे हैं, वो काबिले तारीफ है। ओबैसी ने आगे कहा कि तेलंगाना के चुनाव में उकी पार्टी का गठबंधन BRS के साथ था। उस वक्त उन्होंने चन्द्रशेखर राव से कहा था कि रेवन्त रेड्डी वो नेता है, जो सारे समीकरण बदल देंगे।

इसके बाद ओवैसी ने रेवन्त रेड्डी को एक सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि चीफ मिनिस्टर बनने के बाद वो कुछ ज्यादा पोलाइट हो गए हैं, उन्हें थोड़ा एग्रेसिव होना चाहिए। चीफ मिनिस्टर रेवंत रेड्डी और ओवैसी दोनों ने मंच से ही एक दूसरे की जमकर तारीफ की और एक दूसरे को सच्चा दोस्त बताया। ओवैसी ने कहा कि तेलंगाना में वो रेवंत रेड्डी को सपोर्ट करते हैं, कांग्रेस पार्टी को नहीं।

असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को विज़नरी लीडर बताया और उनकी योजनाओं और तेलंगाना में किए जा रहे विकास कार्यों की खूब तारीफ की। ओवैसी ने ये भी खुलासा किया कि जब वो BRS के साथ अलायंस में थे, कांग्रेस के खिलाफ इलेक्शन कैपेन्स में लगे थे, तब भी इंटरनल मीटिंग्स में वो BRS नेताओं से रेवंत रेड्डी की तारीफ करते थे। ओवैसी ने क्लियर कहा कि तेलंगाना के बाहर उन्हें जो भी कहा जाए, उन्हें फर्क नहीं पड़ता, लेकिन तेलंगाना के अंदर वो मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ थे और आगे भी रहेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले भी असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि हैदराबाद के सांसद देशभर के नागरिकों की आवाज संसद में उठाते रहते हैं।

एक ही मंच पर दोनों नेताओं की मौजूदगी और एक-दूसरे के प्रति दिखाई गई गर्मजोशी ने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है। आमतौर पर कांग्रेस और ओवैसी के बीच तीखी राजनीतिक बयानबाजी देखने को मिलती है, ऐसे में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं की प्रशंसा को अलग नजरिए से देखा जा रहा है। हालांकि, ओवैसी ने अपनी बात में यह अंतर साफ रखने की कोशिश की कि उनका समर्थन कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के लिए है। उन्होंने तेलंगाना के विकास से जुड़े मुद्दों को आधार बनाते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि राज्य के हित में वे उनके साथ खड़े हैं।

# पुरी में गांजा बरामद करने पहुंची पुलिस को घर में मिला नोटों का पहाड़, गिनते गिनते थक गई मशीन





ओडिशा के पुरी जिले के गोपालपुर गांव में शुक्रवार को पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई के दौरान लाखों रुपये की नकदी और करीब एक क्विंटल गांजा बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस गांजा बरामद करने के लिए एक घर में पहुंची थी, लेकिन तलाशी के दौरान वहां छिपाकर रखे गए काफी संख्या में नोटों के बंडल भी मिले। बताया जा रहा है कि पुलिस को इस घर से करीब 176 पैकेट गांजा बरामद होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की थी। इतना कैश मिला कि गिनते गिनते कैश काउंटिंग मशीन भी हांफने लगी। जानकारी के मुताबिक, पुलिस जब गांजा बरामद करने के लिए किराए के मकान में पहुंची, तो तलाशी के दौरान वहां छिपाकर रखे गए नकदी के बंडल भी मिले। इन नकदी के बंडलों की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। हालांकि, बरामद नकदी की सटीक राशि और इसे कहां से लाया गया था, इस संबंध में जांच अभी जारी है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान कार्तिकेश्वर सामंतराय और देवेंद्र साहू नाम के दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गांजा उन्हें कहां से मिलता था, इसे कहां-कहां सप्लाई किया जाता था और बरामद नकदी का इस कारोबार से क्या संबंध है।

## लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करना पड़ा भारी, 15 साल के छात्र पर 5-6 लड़कों ने चाकू से किया हमला, मौत



राजधानी दिल्ली में एक के बाद चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। चाकूबाजी से हमला और उसके बाद घायल की मौत से एक बार फिर दहशत का माहौल है। बता दें कि दिल्ली के नागलोई इलाके में स्कूल जा रहे 15 वर्षीय छात्र की चाकू से हमला कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि छात्र ने कुछ लड़कों को एक लड़की से छेड़छाड़ करने से रोकने की कोशिश की थी, जिसके बाद उस पर हमला कर दिया गया। चलिए जानते हैं आखिर क्या है पूरा मामला। जानकारी के मुताबिक, ध्रुव स्कूल जा रहा था। इसी दौरान भूतों वाली गली के पास कुछ लड़के एक लड़की से छेड़छाड़ कर रहे थे। ध्रुव ने इसका विरोध करते हुए उन लड़कों को रोकने की कोशिश की। आरोप है कि इसके बाद 5 से 6 लड़कों ने ध्रुव पर ही चाकू से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ध्रुव के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल छात्र को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में तीन लड़कों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि तीनों ही नाबालिग हैं। मामले में पुलिस की कानूनी कार्रवाई जारी है। वहीं, हाल की में दिल्ली के रोहिणी इलाके से चाकूबाजी की ही एक घटना सामने आई, जहां छेड़छाड़ का विरोध करने पर 10वीं की छात्रा की दादी और मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। दिल्ली पुलिस के अनुसार, रोहिणी जिले में घर के पास रहने वाले तीन लड़कों ने 10वीं की एक छात्रा पर पर हमला कर दिया। लड़की और उसके परिवार की महिलाओं ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना में तीनों घायल हो गई थीं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीरता से कदम उठाए जाने चाहिए।

# यूपी से हिरासत में लिया गया स्वतंत्र भारद्वाज, CJP प्रदर्शनकारी के पिता के साथ मारपीट का आरोप

**स्वतंत्र भारद्वाज को CJP प्रदर्शनकारी के पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है।**



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्र भारद्वाज को यूपी के बुलन्दशहर से हिरासत में लिया है। स्वतंत्र भारद्वाज पर आरोप है कि उसने जंतर मंतर प्रदर्शन में शामिल लड़की निशु आजाद के पिता संजय कुमार के साथ मारपीट की थी। कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं ने स्वतंत्र भारद्वाज की गिरफ्तारी को मांग को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पर प्रदर्शन किया था। थाने पर प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने कहा था कि दिल्ली पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान निशु आजाद के पिता पर हमला करने के आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने FIR में SC-ST एक्ट की धारा भी जोड़ी है। आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिये जाने के कुछ ही घंटे बाद, दिल्ली पुलिस की टीम उसे पकड़ने के लिए बुलंदशहर पहुंची, लेकिन वह पहले ही फरार हो गया था। सूत्रों ने बताया कि भारद्वाज नैथला गांव से मोटरसाइकिल पर खुर्जा की ओर निकला था और अपनी पहचान छुपाने के लिए उसने हेलमेट पहन रखा था। उसका पता लगाने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस की कई टीम तैनात की गईं। उसकी तलाश के दौरान पुलिस ने स्थानीय पत्रकारों से भी पूछताछ की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लेने में कामयाब हुई। इससे पहले स्वतंत्र भारद्वाज ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान CJP एक्टिविस्ट निशु आज़ाद के पिता के साथ मारपीट के आरोपों पर सफाई दी और कहा कि यह घटना आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई थी। भारद्वाज ने कहा कि जिसे हमला बताया जा रहा है, वह असल में आत्मरक्षा में किया गया था। उसने दावा किया कि अगर उन्होंने ऐसा न किया होता, तो भीड़ उनकी पीट-पीटकर हत्या कर सकती थी। स्वतंत्र भारद्वाज की यह सफाई सोशल मीडिया पर एक पॉडकास्ट क्लिप सामने आने के बाद आई। इंटरव्यू में खुद को 'कट्टर हिंदू' बताने वाला भारद्वाज वीडियो में यह स्वीकार करते हुए देखा जा सकता है कि उसने प्रदर्शन के दौरान निशु आज़ाद के पिता संजय कुमार की खोपड़ी फोड़ दी और अपराध की गंभीरता के बावजूद वह जेल जाने से बच गया। इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली पुलिस भारद्वाज के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई करने में विफल रही। इस बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का बड़ा बयान सामने आया है। चिराग पासवान ने कहा है कि मेरे नाम का गलत इस्तेमाल किया गया है। मैं स्वतंत्र भारद्वाज को नहीं जानता। मेरी पार्टी निशु आजाद के परिवार के साथ खड़ी है। मैंने इसकी शिकायत की है। इस मामले में मैने दिल्ली पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लिए जाने के बाद अब पुलिस उससे घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास करेंगी कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान विवाद की शुरुआत कैसे हुई और मारपीट किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस घटनास्थल से जुड़े वीडियो और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।

## CM मोहन यादव ने पावर सेक्टर में की नई शुरुआत, सीहोर में हर साल बनेंगे 365 ट्रांसफॉर्मर




सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4 सितंबर को सीहोर जिले में क्रॉम्पटन ग्रीव्स की नई पावर ट्रांसफॉर्मर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश आकर्षित करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, क्योंकि निवेश से ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित होते हैं। सरकार छोटे-बड़े सभी निवेशकों को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही केबल निर्माण के लिए 106 करोड़ की लागत से एक फैक्ट्री का भूमि-पूजन किया गया है। आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 888 करोड़ की लागत से तैयार हुई सीजी पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस की नई पावर ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री का लोकार्पण हुआ है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि बीते करीब 8 महीने में गोदरेज जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों की इकाइयों के लोकार्पण और भूमि-पूजन किए गए। ग्वालियर-चंबल अंचल में गोदरेज इंडस्ट्रीज ने साबुन तैयार करने के लिए एशिया की सबसे बड़ी अपनी चौथी यूनिट का शुभारंभ किया है। प्रदेश में आ रहीं फैक्ट्रियों में केवल प्रोडक्ट तैयार नहीं होता है, बल्कि राज्य की आर्थिक समृद्धि, टैक्स कलेक्शन और रोजगार के अवसरों का भी विकास होता है।

# मुंबई के गोरेगांव मेट्रो स्टेशन के नीचे बस में भीषण आग, हाईवे पर ट्रैफिक जाम, स्टेशन पर नहीं रुक रहीं ट्रेनें




महाराष्ट्र के मुंबई में एक बस में आग लगने से चारो तरफ अफरा-तफरी मच गई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर गोरेगांव मेट्रो स्टेशन के नीचे बस में आग लगी है। बस से काफी धुआं निकल रहा था। ऐसे में धुएं का बड़ा गुबार ऊपर गोरेगांव मेट्रो स्टेशन के अंदर भर गया। धुआं भरने की वजह से स्टेशन पर मौजूद लोगों स्टेशन से नीचे जाने के लिए कहा गया और दमकल की गाड़ियों को तत्काल मौके पर बुलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई है और दमकल की टीम मौके पर पहुंच रही है। बस में आग लगने की वजह से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर काफी ट्रैफिक जाम भी हो गया है। लाइन 7ए मेट्रो को चलाने वाली एजेंसी मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण के मुताबिक, जब तक स्टेशन से धुआं पूरी तरह बाहर नहीं निकल जाता, तब तक गोरेगांव स्टेशन पर मेट्रो ट्रेनों को नहीं रोका जा रहा है। हादसे के समय बस लगभग खाली थी। तकनीकी खराबी के बाद ड्राइवर नीचे उतरा और फिर धमाके के साथ आग फैल गई। आग की लपटें और घना धुआं ऊपर मेट्रो स्टेशन तक पहुंच गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। समय रहते ड्राइवर बस से उतर गया था। हालांकि, बस में आग लगने से मेट्रो स्टेशन और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। समय रहते आग पर काबू पाया गया और बड़ा हादसा टल गया। इस सड़क से शाम के समय बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415